


## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सौरिख।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना क्षेत्र के फूलनपुर गांव निवासी शिवम प्रजापति पुत्र नाथूराम प्रजापति (30) अपने पुत्र आयुष (12) के साथ रविवार सुबह 11 बजे अपनी बाइक से बाजार जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अंकल ढाबा के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में शिवम को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### चार को आएंगी महिला आयोग की सदस्य

**कन्नौज।** प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि 4 फरवरी को सुबह 11 बजे हर्ष वर्धन सभागार विकास भवन में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय महिला मामलों की जनसुनवाई करेंगी।

### कार की टक्कर से दो घायल, हालत गंभीर

**तिर्वा।** गंगा स्नान कर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को कार ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवकों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। कानपुर देहात के थाना शिवली के ग्राम दाईताला निवासी विश्वनाथ तथा इसी गांव के महेरविवार को महादेवी घाट पर गंगा स्नान के बाद दोपहर को अपनी बाइक से गांव जा रहे थे। तिर्वा-खैरनगर मार्ग पतेज रफ्तार से सामने से आ रही कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार उछल कर कार की डिग्गी पर जा गिरे। टक्कर इतनी तेज थी कार के दोनों एयर बैग खुल गए जिसके कार सवार युवकों की तो जान बच गई किन्तु बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

# यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सवर्ण समाज का जोरदार प्रदर्शन

## नगर के कई मोहल्लों से निकाला जुलूस, तहसील पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, छिबरामऊ



प्रदर्शन के दौरान मौजूद सवर्ण समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के पश्चिमी बाईपास स्थित नहर कोठी पर सवर्ण समाज के लोगों ने एकत्र होकर केंद्र सरकार की यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन) की नई नीतियों के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में यूजीसी विरोधी नारे लिखी पट्टियां, पोस्टर और बैनर लिए थे। जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंचा।

इस दौरान जुलूस में शामिल लोग नारे लगा रहे थे। मुख्य नारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ और काला कानून यूजीसी वापस लो, यूजीसी रोलबैक करो जैसे थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यूजीसी की नई नीतियां शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक हैं और इनसे देश की शिक्षा प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि विवादास्पद नियमों को तत्काल वापस लिया जाए।

तहसील पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को सौंपा। ज्ञापन में यूजीसी की नीतियों पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की मांग प्रमुखता से रखी गई।

इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इनमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रजनीश दुबे, नव हिंदू सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम बाजपेई एडवोकेट, पुनीत दुबे, राहुल दुबे, कौशलेंद्र सिंह, श्यामू चौहान, मनोज दीक्षित, शांतनु मोहन दुबे, संजीव चौहान, सभासद पंकज दुबे, अनुराग त्रिपाठी, आलोक दुबे, एडवोकेट अभिषेक शुक्ला, विमल मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, बेटी घायल

**तिर्वा।** इंदरगढ़-तिर्वा मार्ग पर रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

ठठिया थाना क्षेत्र के कुरियानी गांव निवासी रामप्रकाश (60) अपनी बेटी प्रियंका (27) के साथ इटावा के कबूली गांव स्थित उसकी ससुराल से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। जैसे ही वे इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर गांव के पास पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्री दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डॉक्टरों ने रामप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रियंका का इलाज जारी है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।


पूर्व विधायक को बुके देकर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

## 'भाजपा सरकार कर रही हिंदू मुस्लिम को लड़ाने का काम'

संवाददाता गुरसहायगंज

- 11 दिन से चल रहा सच्चानंद महाराज का शांति महोत्सव

**अमृत विचार।** शांति महोत्सव में पहुंचे पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि सच्चानन्द महाराज ने हमेशा शांति की राह पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। जबकि धर्म को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे। वहीं भाजपा सरकार में संत बाबाओं का अपमान किया।

रविवार को ब्लाक तालग्राम के ग्राम सराय दौलत में चल रहे सच्चानन्द महाराज के शांति महोत्सव में पहुंचे पूर्व विधायक का समिति के लोगों ने भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में हिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ाने का कार्य किया गया है।

इस दौरान संजीव पांडे, ज्योति चौरसिया, हरेंद्र कुशवाहा, श्याम सिंह, भुल्लन यादव, पवन चौरसिया, ठेकेदार अखिलेश, दिनेश लोधी, राजवीर दिवाकर, बीनू शाक्य, अंकुर यादव आदि मौजूद रहे।

## नर्सरी से कक्षा एक तक में फ्री प्रवेश को आज से आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निजी स्कूलों के लिए तीन चरणों में 02 फरवरी से 25 मार्च तक चलेगी ऑनलाइन प्रक्रिया

**अमृत विचार।** जनपद के निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटें दुर्बल वर्ग व अलाभित समूह के लिए आरक्षित हैं। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत तीन चरणों में प्रवेश मिलेंगे। इसके लिए 02 फरवरी यानि आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे तो 25 मार्च तक किए जा सकेंगे।

इस बार पूरे दो महीने देरी से आरटीई की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। इस वजह से चार चरणों की बजाय तीन चरणों का ही लाभ जरूरतमंदों को मिल सकेगा। पहली अप्रैल से शुरू हो रहे शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए एक चरण कम कर दिया गया है। आरटीई में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा (प्री-प्राइमरी यानि नर्सरी) में निशुल्क प्रवेश के लिए 01 दिसंबर 2024 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई थी जो 19 मार्च 2025 तक चली थी। 109 दिन प्रवेश प्रक्रिया चली, इस बार 52 दिन ही प्रक्रिया चलेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने जारी की सारिणी में बताया है कि पहले चरण के ऑनलाइन आवेदन 02 से 16 फरवरी तक होंगे। दूसरा चरण 21 फरवरी से 07 मार्च तक चलेगा। तीसरा व अंतिम चरण 12 से 25 मार्च तक है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जनपद के सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों की प्रारंभिक कक्षा की कुल क्षमता का न्यूनतम 25 फीसदी का शत-प्रतिशत मैपिंग व पंजीकरण करने को कहा है।

### वाटर हीटर से पानी गर्म कर रही महिला करंट से झुलसी

**कन्नौज।** बाल्टी में वाटर हीटर डाल कर पानी गर्मकर रही महिला को करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सदर कोतवाली के गांव मौसमपुर अल्लड निवासी सुमन दुबे (50) पत्नी अर्जुन सिंह रविवार को 11 बजे बाल्टी में वाटर हीटर डाल कर पानी गर्मकर रही थी। हीटर को बंद किये बगैर बाल्टी से पानी निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई। गर्म पानी भी फैल गया। इससे वह गंभीर रुप से झुलस कर बेहोश हो गई। जब परिजन घर पहुंचे तो वाटर ऑहीटर को निकालने के बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जाता है कि घटना के समय महिला का पति मजदूरी करने गया था। घर में वह बच्चों के साथ थी। बच्चों के शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे थे।

## सपाइयों ने संत नरहरि व गुरु रविदास की जयंती मनाई


संत शिरोमणि नरहरि सुनार एवं गुरु रविदास की जयंती मनाते सपाई। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सपाइयों ने संत शिरोमणि नरहरि सुनार एवं गुरु रविदास की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई।

रविवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में हुए आयोजन में पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। कहा कि इन दोनों महापुरुषों को सम्मान देना हर वर्ग की जिम्मेदारी है। सपा नेता जय कुमार तिवारी बऊअन, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रतयेश सिंह तोमर, विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह वघेल, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन एवं सपा नेता यश कुमार दोहरे, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कुक्कू चौहान, अंशू पाल, विवेक पाल, कल्लू पाल, टिंकू पाल, तुफैल अहमद, जीशान वारसी, ज़ीशान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।


प्रतियोगिता में विजयी बच्चे प्रमाण पत्र के साथ व मौजूद भाजपा नेता व अन्य।

### रविदास जयंती पर प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कन्नौज।** शहर के कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संत रविदास की 649 वीं जयंती मनाई गई। बाबू जगजीवन राम फाउंडेशन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं कलम एक स्वैच्छिक संस्था कानपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि कैलाश राजपूत विधायक तिर्वा, विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी कन्नौज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने बाबू जगजीवन राम एवं संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। विभिन्न स्कूलों के 216 बच्चों ने चित्रकला, निबंध, भाषण, क्विज में प्रतिभाग किया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. के के दुबे प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय उन्नाव, लक्ष्मी नारायण, डॉ. सी पी शुक्ला, डॉ. शशिप्रभा अग्निहोत्री आदि ने विचार व्यक्त किए। डॉ सारिका त्रिवेदी, सचिव डॉ विपिन शुक्ला, कोषाध्यक्ष मंजू मिश्रा, सदस्य हरिशंकर मौजूद रहे।

## जीएसटी में पंजीकृत व्यापारी रहे खाली हाथ

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- बजट में व्यापारी हित पर विचार न होने से व्यापारी सोचने को मजबूर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार की ओर से बजट पेश कर दिया गया है। इसको लेकर व्यापारियों की ओर से विश्लेषण किया गया है। यूं तो सरकार को सराहा है लेकिन जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों की तरफ ध्यान न दिए जाने पर अफसोस भी व्यक्त किया है।


राज शर्मा।

रतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश कन्नौज जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने कहा कि जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को आयुष्मान कार्ड, पेंशन योजना, विद्युत यूनिटों में विशेष छूट, दुर्घटना बीमा की राशि को न बढ़ाए जाने समेत अन्य मांगों को केंद्र सरकार के बजट में शामिल नहीं किया गया। इससे व्यापारी सोचने को मजबूर हो गऐ हैं। हालांकि एमएसएमई उद्योगों को बढ़ावा देना मोदी सरकार की अच्छी पहल है। इससे मैन्युफैक्चर सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के भी नए आयाम स्थापित होंगे। बजट मिडिल क्लास, एवं किसानों और मैन्युफैक्चर सेक्टर के लिए मिला-जुला राहत भरा है। सरकार द्वारा इनकम टैक्स चोरी के मामलों में सजा के स्थान पर 30 प्रतिशत पेनल्टी लगाने की राहत स्वागत योग्य है।

### बजट सराहनीय पर इत्र उद्योग पर भी हो फोकस

प्रमुख उद्यमी श्यामजी गुप्ता ने कहा, यह बजट सराहनीय है। हालांकि गुलकंद और गुलाबजल को अतर के स्लैब में जोड़कर रखा गया है। इसे टैक्सफ्री किया जाता तो और अच्छा रहता।


श्यामजी।

अतर पर 18 प्रतिशत टैक्स लग रहा है, इसे 5 प्रतिशत किया जाना चाहिए। फिर भी सरकार ने सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ किया है। सरकार ध्यान दे तो कन्नौज का इत्र व प्राकृतिक उत्पाद सीधे दुनियां तक पहुंच सकते हैं।

## फर्रुखाबाद को हरा फाइनल में पहुंची बनारस की टीम

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पहले सेमीफाइनल में बनारस 11 ने फर्रुखाबाद 11 को 10 विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में खेले जा रहे स्वर्गीय ओमप्रकाश पाठक स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला बनारस 11 और फर्रुखाबाद 11 के बीच में खेला गया। बनारस 11 के कप्तान बृजेश सोनकर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी फर्रुखाबाद 11 के टीम 27.4 ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फर्रुखाबाद 11 के बल्लेबाजों में अदवित्य दुबे ने 28, अंकित सिंह ने 29, पवन सिंह ने 24, सोनू ठाकुर ने 16 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बनारस की टीम के दोनों ही ओपनर बल्लेबाजों ने 10.2 ओवर में 129 रन बिना विकेट गंवाये बना कर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बल्लेबाज सत्यम ने 34 गेंदों में 56 और रौनक सिंह ने 29 गेंदों में 62 रन नाबाद की पारी खेली। मैच के मैन ऑफ द मैच 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बृजेश सोनकर रहे। संजय सामवेदी, अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, सजल सिंह, पारस दुबे, बालाजी, मोहित मौर्या, हिमांशु शुक्ला, आदि लोग मैदान पर मौजूद रहे।

## अवैध बायो डीजल पंपों पर हो सख्ती

संवाददाता, छिबरामऊ



बैठक को संबोधित करते एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय दुबे व अन्य पंप मालिक।

**अमृत विचार।** यूपी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में हुई। इसमें जिलाधिकारी से जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे बायोडीजल पंपों की तत्काल जांच कराने तथा अवैध पंपों शीघ्र बंद कराने की मांग की गई।

व्यवसायियों ने पेट्रोलियम कारोबार को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग उठाई। साथ ही डीजल और पेट्रोल पर डीलर कमीशन में वृद्धि की मांग की। अलीगढ़-कानपुर नेशनल हाईवे पर कई पेट्रोल पंपों के सामने एनएचएआई द्वारा लगाई गई 3 फीट ऊंची साइड वाल के कारण वाहनों का आवागमन बाधित होने का हवाला देकर इसे हटवाने की भी मांग की गई। बैठक में सागर अग्रवाल को जिला उपाध्यक्ष, शुभम गुप्ता को छिबरामऊ तहसील प्रभारी, दीपू सिंह गौतम को तिर्वा तहसील प्रभारी तथा राजीव बाजपेई को कन्नौज तहसील प्रभारी नियुक्त किया गया। विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी, संरक्षक सतीश चतुर्वेदी, सुरेश गुप्ता एवं उमाशंकर गुप्ता को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिला महामंत्री संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजीव गोयल, उत्कर्ष गुप्ता, रमेश गुप्ता कन्हैया, शिवराम कृष्ण, अशोक चतुर्वेदी, नदीम जमा खान, दिवाकर गुप्ता सहित जनपद भर के पेट्रोलियम व्यवसायी मौजूद रहे।

**आस्था** | आसपास के जिलों से भी पहुंचे लोग, कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच गंगा स्नान

# माघी पूर्णिमा पर पावन डुबकी लगा कमाया पुण्य

कार्यालय संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज


गंगा के मेहंदीघाट पर स्नान करते स्नानार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले भर में माघी पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस मौके पर गंगा के मेहंदीघाट पर आस्थावानों का रैला उमड़ा। कड़ाके की ठंड के बाद भी गंगा स्नान कर पुण्य कमाया और फिर मंदिरों में पूजा अर्चना की।

रविवार तड़के से ही जिले के अलावा आसपास के जिलों से भी पहुंचे भक्तों ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मान्यता है कि माघ मास की पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिले के महादेवी गंगा घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य किया तथा भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान "हर-हर गंगे" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। स्नान पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। घाटों पर पुलिस बल के साथ-साथ गोताखोरों की भी तैनाती रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखा गया। पूरे दिन गंगा घाटों पर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मेंहदी घाट का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए स्नान व पार्किंग स्थलों, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल, फ्लड पीएसी व स्थानीय गोताखोरों की लगायी गयी ड्यूटियो को चेक किया। मेहंदी घाट पर स्थापित खोया-पाया केंद्र श्रद्धालुओं से सम्बंधित जानकारी ली। लोगों में उल्लास रहा।

### सूबे में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का एनईसी में नवां स्थान

**तिर्वा (कन्नौज)।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ने आईआईटी बॉम्बे की ओर से आयोजित नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज (एनईसी) में प्रदेश के सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नवां प्राप्त किया है। बताया जा रहा है कि यह उपलब्धि कॉलेज के इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप प्रयासों को नई पहचान देती है।

कार्यक्रम में सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार के इंजीनियरिंग कॉलेज शामिल हुए। अपने जनपद के कॉलेज ने राज्य स्तर पर 9वां तथा राष्ट्रीय स्तर पर 123वां स्थान प्राप्त किया। बताया गया है कि प्रतियोगिता करीब छह महीने तक चली, जिसमें देशभर की टीमों ने विभिन्न इनोवेशन, स्टार्टअप, आइडिया डेवलपमेंट एवं प्रोजेक्ट गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा की। ई-सेल के इंचार्ज डॉ. आकाश अग्रवाल ने बताया कि यह उपलब्धि संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज शुक्ल के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं प्रोत्साहन का परिणाम है। इस उपलब्धि में शामिल सभी छात्रों विशेष रूप से आयुष, दीपक, हमज़ा, महक, समीर, दीपांकर, आदर्श पाल, सुजल, अमित आदि के प्रयासों को सराहा गया। डॉ. अग्रवाल ने यह भी कहा कि कुछ तकनीकी कारणों के चलते टीम अंतिम चरण में भाग नहीं ले सकी, फिर भी ई-सेल ने अपने कार्य, परियोजनाओं और नवाचार गतिविधियों से रैंक हासिल की।



अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 2 फरवरी 2026
इटावा-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. बलराम सिंह यादव के बड़े बेटे गुड्डू का निधन

इटावा। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व . बलराम सिंह यादव के ज्येष्ठ पुत्र जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं इटावा औरैया में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक अजय यादव गुड्डू का दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। निधन के बाद उनका शव उनके आवास बलराम सिंह चौराहे पर लाया गया, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अन्तिम संस्कार उनके पैतृक गांव खरगपुर सरैया में किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से अजन्ट सिंह यादव, कुमदेश यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू , प्रशांत राव चौबे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित, अनीता यादव, रामनरेश यादव, अशोक यादव, सर्वेश शाक्य, कुलदीप गुप्ता संटू, फुरकान अहमद, शफी अहमद बालक, अशोक जाटव, लाखन सिंह जाटव, नेत्रपाल सिंह यादव, डा आशीष दीक्षित, के के यादव सहित हजारों लोग शामिल रहे।

### पिकअप की टक्कर से सर्राफ की गई जान

इटावा। इकदिल ओवर ब्रिज के पास लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सराफा कारोबारी विवेक चौधरी निवासी रीतौर की मौत हो गई। जबकि उसका पुत्र लालजी घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। परिजनों में कोहराम मच गया।

### कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

भरथना। न्यायालय के आदेश पर एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के गाँव निनावा की रामा देवी ने अपने ही गांव के सुबोद, सत्यप्रकाश, सुमन देवी, ललित कुमार, सुमित कुमार पर आरोप लगाया है कि 10 अक्टूबर 2025 को जब मैं घर के अन्दर शाम करीब पांच बजे खाना बना रही थी, तभी नामजद एकराय होकर घर में घुस आये और गाली गलौज करते हुए घर खाली करने की धमकी देने लगे। मना करने पर लात घूसों से मारपीट कर घर का करीब बीस हजार रुपये कीमत का सामान तोड़ दिया। मैं घर में अपनी पुत्र वधु रानी व भावना के साथ रहती हूँ, मेरे ससुर मृतक सालिगराम ने सुमन के नाम वसीयत की थी, जिसे आरोपी फर्जी बताकर घर खाली कराकर भगा देने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना लुहन्ना चौराहे के पास हुई जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पुष्पेंद्र पुत्र जय सिंह निवासी नगला सलहदी थाना बलरई घायल हो गया। दूसरी घटना नुमायश चौराहे के पास हुई जहां पैदल जा रहे राजीव पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी टीबी अस्पताल के पास को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### दो निरीक्षक और एक एसआई का क्षेत्र बदला

इटावा। एसएसपी ने जिले की कानू व्यवस्था का मजबूत बनाने के उद्देश्य से बढ़पुरा के प्रभारी निरीक्षक के के मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन, प्रभारी निरीक्षक वैदपुरा नरेंद्र कुमार मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक बढ़पुरा का चार्ज दिया है। इसके अलावा प्रभारी सर्विलांस सैल उप निरीक्षक नागेंद्र सिंह को थाना वैदपुरा भेजा है।

# बहन की डोली उठने से पहले उठी छोटे भाई की अर्थी, मचा कोहराम

## भाई का शव झोपड़ी में फंदे पर लटका मिला, मंगलवार को आनी है बहन की बारात

संवाददाता भरथना इटावा


राहुल।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला काली पाली खुर्द गांव में रविवार सुबह खेतों में बनी झोपड़ी में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की बहन की बारात मंगलवार को आनी थी।

जानकारी के अनुसार नगला काली मौजा पाली खुर्द निवासी यदुनाथ ने बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी कि उनके पुत्र राहुल (18) का शव खेत में बनी झोपड़ी में फंदे से लटका हुआ है। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि राहुल फांसी के फंदे पर झूल रहा था। परिजनों के मुताबिक, राहुल की बहन राधा की शादी तीन फरवरी मंगलवार को होनी है। शादी की तैयारियों के चलते राहुल कुछ दिन पहले ही गुजरात से घर लौटा था। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं।

इसी बीच हुई इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राम दवन मौर्य और थाना प्रभारी विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं जिस घर में शादी की खुशियों की तैयारियां चल रही थी वहां मातम छा गया।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिरारी में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार शिवम पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम ज्वाला प्रसाद बिरारी निवासी नाना नाथू राम के यहां रहता था। शनिवार की रात को उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शिवम को मिर्गी के दौरे पड़ते थे। घटना स्थल पर नगर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण भी पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतक के मामा सोनू पुत्र नाथूराम एवं नानी सावित्री देवी पत्नी नाथूराम, निवासी ग्राम बिरारी ने थाना अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान को किसी भी प्रकार की अनहोनी की आशंका से अवगत कराया। इस पर सीओ सिटी एवं थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मेडिकल साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष व उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

# सपाइयों ने संत रविदास और नर हरिदास सोनार की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता इटावा



संतों के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू।

अमृत विचार। सपा कार्यालय पर संत रविदास एवं संत नर हरिदास सोनार की जयंती के अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने महान संतों के चित्र पर पदाधिकारियों के साथ माल्यार्पण किया और उनके बताए रास्ते पर चलने की लोगों से अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि संत रविदास 15वीं 16वीं शताब्दी के महान भारतीय रहस्यवादी कवि समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के संत थे उन्होंने जाति पाती आडंबरों का खंडन किया और भाईचारे का संदेश दिया, संत रविदास का जीवन हमें सादगी परोपकार और ईश्वर के प्रति समर्पण की शिक्षा देता है। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बताया कि संत नरहर दास 13वीं 14वीं शताब्दी के महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध वारकरी संत कवि और कट्टर शिव भक्त थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन ईश्वर भक्ति को समर्पित कर दिया। उन्होंने दोनों महान संतों के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी लोगों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, सपा जिला उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, प्रदीप सोनी, दीपी सिंह, प्रवीण कुशवाहा, राजपाल सिंह यादव, किशन यादव, फरहान शकील, बृजेंद्र यादव, सपा संतोष राजपूत, नम्रता सिंह दोहरे, अरविंद यादव, बृजेश यादव, दीपू यादव, नरेंद्र प्रजापति, अखिलेश वर्मा, हुकुम सिंह यादव अंकुर यादव, राणा प्रताप सिंह, जीतू, आशीष टिंकू, पूरन सिंह यादव, मोहम्मद अख्तर, कपिल, अभिषेक यादव आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले के अन्य स्थानों पर संत रविदास की जयंती धूम धाम के साथ मनाई गई।

- **संतों के बताये रास्ते पर चलने का लिया निर्णय**

# पुल पर रखे पत्थरों से टकराई डीसीएम

संवाददाता बकेवर इटावा

अमृत विचार। मथुरा के छाता से कोल्डड्रिंक लादकर कस्बा फफूंद जा रही डीसीएम आगरा कानपुर नेशनल हाईवे भरथना ओवरब्रिज के ऊपर अनियंत्रित होकर रखे पत्थरों से टकरा गयी। पत्थर पुल के नीचे खड़ी महिला के जाकर लगे जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल भिजवाया।

रविवार की दोपहर आगरा की ओर से आ रहे डीसीएम चालक वाहन को लेकर बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे भरथना ओवरब्रिज के ऊपर पहुंचा कि तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और डीसीएम असंतुलित होकर ओवरब्रिज के ऊपर रखे बड़े-बड़े पत्थरों से टकराती हुई दो बिजली के पोल क्षतिग्रस्त करती हुई पुल के डिवाइडर से जा टकरायी डिवाइडर के पत्थर पुल के नीचे गिरने से अपने मायके बाबरपुर जाने के लिए आटो में बैठी महिला मधु पत्नी सुभाषचंद्र निवासी बिजौली थाना बकेवर इटावा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को एम्बुलेंस बुलाकर इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। जहाँ इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद चिकित्सक ने इलाज किया।

महिला की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया। डीसीएम की टक्कर से लुधियानी व पटिया फीडर को जाने वाली 11 हजार विद्युत लाइन को पुलिस ने बिजलीघर में सूचना देकर दोनों फीडरों की सप्लाई बंद करा दी।

### सड़क हादसे में एक की मौत, आठ गंभीर

इटावा। बकेवर-लखना मार्ग पर रविवार रात करीब 7:45 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। बकेवर की ओर से तेज गति से आ रही लखना सामाजिक वानिकी की मार्शल ने नगला बनी के सामने हनुमान मंदिर के पास लखना की ओर से आ रहे दो ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लोगों के अनुसार उसने एक ऑटो को टक्कर मारी, जिसमें पांडरी बाबा की पूजा कर लौट रहे यात्री सवार थे। टक्कर के बाद मार्शल दूसरे ऑटो से भी भिड़ गई, जिससे ऑटो पलट गया। हादसे में आशुतोष मिश्रा उनकी पत्नी शालिनी, अर्चना, विजयलक्ष्मी, रोहित, जगत सिंह, सनी ,रामकिशन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस जांच में जुटी है।

# भरथना रेलवे क्रासिंग पर कार फंसने से हड़कंप

संवाददाता भरथना इटावा


भरथना के रेलवे क्रॉसिंग पर फंसी कार इनसेट में व निरीक्षण करतीं डीटीएम।

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर भरथना के रेलवे क्रॉसिंग संख्या 20-बी पर कार चालक की लापरवाही से अफरातफरी मच गई। फाटक बंद होने के दौरान जल्दबाजी में ट्रैक पार करने की कोशिश में कार बीच रेलवे ट्रैक पर फंस गई। इसी दौरान अप लाइन पर तेज रफ्तार से नई दिल्ली-लखनऊ स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस सिग्नल होने पर आ गई। ट्रेन को आता देख कार चालक ने कार फाटक के किनारे लगा दी और ट्रेन स्पीड से गुजर गई, ट्रेन गुजरने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

फाटक खुलते ही कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना से रेलवे में हड़कंप मच गया। गेट मैन को सस्पेंड कर देने की चर्चा है। रेलवे अधिकारी जांच पड़ताल में जुट गए है। जानकारी के अनुसार गेटमैन के खिलाफ प्रथम दृष्टया कार्रवाई कर उसे सस्पेंड कर दिया गया है। रात में ही गेटमैन को टूंडला जांच के लिए बुला लिया गया है। उस समय ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने मेमो जारी करके जानकारी दी। जांच पड़ताल के बाद लापरवाही करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। फिलहाल कार चालक के खिलाफ फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। रेलवे स्टेशन अधीक्षक मनोज ने बताया कि घटना की जानकारी होने पर मेमो के आधार पर प्रथम दृष्टया गेट मैन हरिओम को टूंडला मंडल यातायात प्रबंधक की ओर से सस्पेंड कर दिया गया है। अब इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है कि आखिर गलती कार चालक की है या गेटमैन की उसके घटना स्पष्ट हो सकेगी। इस मामले की जांच पड़ताल करने के लिए टूंडला से अधिकारी भरथना रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं।

**डीटीएम टू टूंडला ने भरथना रेलवे स्टेशन केबिन का किया निरीक्षण :** इस घटना के बाद डीटीएम टू टूंडला पूर्वी गर्ग ने भरथना रेलवे स्टेशन के पूर्वी ओर बने रेलवे फाटक 20 बी के केबिन में पहुंचकर व्यवस्थाओं को जांच परख कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केबिन से पैदल चलकर स्टेशन पहुंची डीटीएम टू ने स्थानीय स्टेशन अधीक्षक आदि के साथ बैठक की।

बताया गया है कि यह रूटीन निरीक्षण है जोकि प्रत्येक 3-4 माह के अंतराल में किया जाता है। निरीक्षण के दौरान पहुंचे पत्रकारों से डीटीएम टू ने बात नहीं की। कयास लगाया जा रहा है कि आबादी क्षेत्र में स्थित रेलवे फाटक 20 बी पर दोनों बूम के बीच कार फंस जाने की गंभीर मामले को लेकर टूंडला से डीटीएम टू द्वारा निरीक्षण किया गया। मामले में ऑन ड्यूटी गेटमैन हरिओम को सस्पेंड कर दिया गया है मगर स्थानीय रेल अधिकारियों द्वारा अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।

# हर्ष मिस्टर व रितिका बनीं मिस फ्रेशर

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



मिस्टर एवं मिस फ्रेसर के साथ अनुज यादव मोंटी व स्टाफ। अमृत विचार

अमृत विचार। चौधरी सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ फ्रेशर पार्टी का प्रेरणास्पद आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव एवं स्वधा हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. अंजली यादव द्वारा किया गया।

कॉलेज के एमडी अनुज मोंटी यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक है। नर्सिंग कॉलेज डायरेक्टर डॉ. रीमा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं नैतिक मूल्यों का विशेष महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, क्लीनिकल प्रैक्टिस एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए एवं नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल सेवा की शपथ दिलाई गई।

फ्रेशर पार्टी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बीएससी नर्सिंग से हर्ष को 'मिस्टर फ्रेशर' एवं रितिका को 'मिस फ्रेशर', जीएनएम से देव शुक्ला को 'मिस्टर फ्रेशर' एवं प्राची को 'मिस फ्रेशर', जबकि एएनएम वर्ग से पूजा को 'मिस फ्रेशर' का खिताब प्रदान किया गया। फ्रेशर पार्टी के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सीनियर विद्यार्थियों द्वारा जूनियर छात्रों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. संदीप पांडे, अशांक हनी यादव, फार्मेसी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप यादव, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रविन्द्र पाल, सुरेंद्र शर्मा, गौरव भदोरिया, मनीष चौधरी, फ्रांसिस के. ए. मनराज कौर नामधारी सहित नर्सिंग कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- **चौ. सुघर सिंह नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में लैम्प लाइटिंग का हुआ आयोजन**

### बिना प्रपत्रों के नौ ट्रक सीज किये गये

कालपी जालौन। प्रशासन का बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी है। शनिवार रात फिर टीम ने बिना खनिज प्रपत्रों के 9 ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही की है।

शासन के निर्देश पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा खनिज का अवैध परिवहन रोकने के लिए क्षेत्र में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में टीम का गठन किया गया है जिसमे सी ओ के साथ खनिज और परिवहन विभाग के भी जिम्मेदारों को शामिल किया गया है। अब तक बड़ी संख्या में बिना खनिज प्रपत्रो के एवं ओवरलोड वाहन पकड़े जा चुके हैं लेकिन इसके बाद भी यह कारोबार बन्द नहीं हो रहा है। शनिवार देर रात एसडीएम की अगुवाई वाली टीम ने आटा थाना क्षेत्र में 9 बालू और गिटटी लदे ट्रकों को कब्जे में लिया है जिन्हें क्षेत्रीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है। एसडीएम के अनुसार खनिज का अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

# किसी भी विषय में 95 फीसद अंक लाने पर 1100 रुपये का पुरस्कार

संवाददाता जसवंतनगर जालौन


फेयरवेल पार्टी में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार। महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं की फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने बोर्ड परीक्षा में किसी भी विषय में 95 फीसदी अंक लाने पर 1100 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। इस बात का वहां पर मौजूद स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

नगर में स्थित महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र, छात्राओं को कक्षा 11 के छात्रों व विद्यालय परिवार द्वारा फेयरवेल पार्टी दी गई। फेयरवेल पार्टी में मुख्य अतिथि धीरज गुप्ता ने स्कूल में सीखे गए विषयों को समझकर परीक्षा में उनका उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह राजावत ने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि यदि इंटरमीडिएट की परीक्षा में कोई छात्र या छात्रा 95 प्रतिशत या अधिक अंक लाता है तो उन्हें 1100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही यूपी बोर्ड में स्थान पाने वाले छात्र व विषयाध्यापक को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

इस मौके पर रामेंद्र गुप्ता, शिवकुमार कुशवाहा, मानसिंह चौहान, हरिओम प्रजापति, वीरेंद्र बरसईया, राजीव राजावत, विद्या सागर, साक्षी खेमरिया, खुशी खातून, अंश गौतम, अंश समाधिया आदि रहे।

बजट -2026

सपा, कांग्रेस और व्यापारियों ने बजट को बताया निराशाजनक

# बजट में आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता पर दिया गया जोर : विधायक

कार्यालय संवाददाता इटावा


बजट का लाइव प्रसारण देखते भाजपा नेता अमृत विचार


कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित।


सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य।


व्यापारी नेता आलोक दीक्षित। अमृत विचार

अमृत विचार। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट को भाजपा के नेताओं ने देश के विकास तथा हर वर्ग के लोगों को राहत देने वाला बताया। वहीं विपक्ष ने इसे किसान मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि बजट में किसानों गरीबों का ध्यान नहीं रखा गया। बजट में पूंजीपतियों को लाभ दिया गया गया है।

सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बताया कि बजट में आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता और समावेशिता पर जोर दिया गया है। सबसे ज्यादा बजट परिवहन मंत्रालय को दिया गया है। जबकि दूसरे नंबर पर रक्षा मंत्रालय रहा। तीसरे नंबर पर ग्रामीण विकास व चौथे पर गृह मंत्रालय को बजट दिया गया है। वहीं कृषि शिक्षा ऊर्जा , स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने बताया कि भारत के 140 करोड़ नागरिक केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं। भारत जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहता हैं। इस बजट में वित्त मंत्री ने ई-बसें चलाने, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, कैंसर की दवाओं के दाम घटाने और हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने सहित कई महत्वपूर्ण ऐलान किए।

**कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित** ने केंद्र सरकार द्वारा आज पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा बजट में किसानों के साथ खुली नाइंसाफी की गई है और पूंजीपतियों को पूरा लाभ पहुंचाया गया है। बजट जनता के लिए एक झुनझुना है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए आवंटन नाकाफी है, जिससे गरीब परिवारों पर बोझ और बढ़ेगा। एमएसपीकी कानूनी गारंटी, फसल बीमा की खामियाँ, लागत-मूल्य का संकट और ग्रामीण कर्ज़ जैसे मुद्दों पर बजट खामोश है। बजट में गरीबों, मज़दूरों, किसानों और युवाओं के लिए वास्तविक राहत नहीं दी गई है। महंगाई, ईंधन, शिक्षा-स्वास्थ्य और आवास के बढ़ते खर्च के बीच टैक्स राहत सीमित रखी गई है। बचत को प्रोत्साहन देने और जीवन यापन की लागत घटाने के ठोस कदम भी नही उठाये गए है।

**सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने** बजट को किसान, छात्र, गरीब, व्यापारी विरोधी बताया और कहा कि जो बजट पेश किया गया है वह पूरी तरह किसान, छात्र, व्यापारी और गरीब विरोधी है। बजट में विदेश यात्रा पर 2 प्रतिशत की जो छूट दी गई है उससे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचेगा । केंद्र सरकार ने बजट में गरीबों को सिर्फ ठेगा दिखाया है। बजट पूंजीपतियों के हितों को ध्यान में रखकर पेश किया गया। समाजवादी पार्टी बजट का पूरी तरह विरोध करती है।

**व्यापारी नेता आलोक दीक्षित ने** बजट को व्यापारियों के लिए निराशाजनक बताया। श्री दीक्षित ने कहा जीएसटी जैसे कानून में जेल, सजा, जुर्माना को समाप्त नहीं किया गया, व्यापारियों उद्योगपतियों के लोन लिमिट पर लगने वाले बैंक की ब्याज दरों को कम नहीं किया गया, सरकार द्वारा आवासीय क्षेत्र में चल रहे कमर्शियल औद्योगिक संस्थानों को नियमित करने की कोई घोषणा नहीं की गई, जीएसटी स्लैब कम किए जाने के बाद 10 प्रतिशत व 7 प्रतिशत टैक्स डिफरेंट का पैसा जीएसटी आईटीसी पोर्टल पर जमा है को वापस किए जाने की कोई घोषणा नहीं की गई।

# मैं बनूं इक गजल तुम गुनगुना जाओ...

कार्यालय संवाददाता जालौन

अमृत विचार। प्रीत की रीत आकर निभा जाओ तुम, मैं बनूं इक गजल गुनगुना जाओ तुम' इन पंक्तियों को ब्लॉक परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियत्री प्रिया श्रीवास्तव दिव्यम् ने पढ़ा।

एलआईसी व केडीआईईए (कानपुर डिवीजन एम्प्लाइज, ऐसोशिएशन यूनिट) के सहयोग से रविवार को ब्लॉक परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का आगाज मां वीणा वादिनी की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कानुपर से आए कवि कुमार सूरज ने पढ़ा 'चांदनी रात है सितारे लिए, तट नदी के खड़े हैं किनारे लिए, सब सलामत रहें दुआ कीजिए हम तुम्हारे लिए तुम हमारे लिए।' इस गीत को सुनकर श्रोताओ को पुरानी यादें ताजा हो गईं। विपिन मलिहाबादी के 'जिंदगी जीना है तो इंसान होना सीखे, सब कुछ समझकर भी नादान होना सीखो' सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। पवन सबरस के गीत 'मैं खड़ा हूं डगर पर सफर के लिए, साथ कोई नहीं हमसफर के लिए, जिंदगी में नहीं शेष कुछ भी रहा, सिर्फ आंसू बचे हैं नजर के लिए' को सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। जितेंद्र लल्ला ने भी अपनी कविता सुनाई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कानुपर से आए कवि मुकेश श्रीवास्तव ने 'जब झुक के करे सैल्यूट हिमालय सागर दहराए, तिरंगा लहर, लहर लहराए' पढ़ा तो श्रोता वीर रस से सराबोर नजर आए। इस मौके पर शाखा प्रबंधक आरएन गौतम, महेंद्र पाटकार मृदुल, सुशील कुशवाहा, पवन प्रताप आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सारस का उपचार किया

अछल्दा (औरैया)। रविवार दोपहर करीब 1 बजे निचली गंग नहर के रास्ते में एक सारस के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही अछल्दा क्षेत्र, जनपद औरैया के संयुक्त गोरक्षा दल के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर मौके पर पहुंचे। उन्होंने सारस के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को सूचना दी। पशु चिकित्सक के पहुंचने के बाद घायल सारस का प्राथमिक उपचार किया गया।

### किया भूमि पूजन

बेला। थाना क्षेत्र के कानपुर रोड पर रविवार दोपहर जिला आर्य समाज प्रतिनिधि सभा औरैया एवं इटावा द्वारा भूमि पूजन, यज्ञ-भजन एवं उपदेश कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर डॉ. ज्ञानचंद्र सक्सेना, डॉ. सर्वेश आर्य प्रधान, सत्येंद्र आर्य मंत्री, डॉ. बागीश गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता मौजूद रहे। बेला समिति के पदाधिकारी नरेश चंद्र यादव, डॉ. राकेश चंद्र पाल, कुलकांत शुक्ला मौजूद रहे।

### डीएम ने चार लोगों को किया जिला बदर

औरैया। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गुण्डा एक्ट के तहत सोनेलाल पुत्र रामसनेही निवासी लहोखर थाना दिबियापुर, हीरालाल पुत्र होरीलाल निवासी लहोखर थाना दिबियापुर, रतनेश कुमार पुत्र रामसनेही निवासी नगला जसोदा थाना कुदरकोट एवं अश्वनी कुमार उर्फ गोपाल शुक्ला पुत्र राजकिशोर निवासी तिरको थाना बेला को गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर किया।

### वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट

अयाना। थाना क्षेत्र के महमूदपुर निवासी संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 12 दिसंबर की शाम उनके पिता शिवकुमार साइकिल से मुरादगंज से घर लौट रहे थे। अयाना- मुरादगंज मार्ग पर टकपुरा नहर पुल के पास तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। राहगीरों ने सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी छुट्टी कर दी। मगर अंदरूनी चोट होने के चलते तबीयत बिगड़ी इस पर सैफई मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां 21 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज की।

### माघी पूर्णिमा पर रहा कोहरे का साम्राज्य

फर्रुखाबाद। जिले में माघी पूर्णिमा के दिन आसमान में कोहरे का साम्राज्य रहा। बीते तीन दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। रविवार को न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस रहा। घने कोहरे के कारण इटावा-बरेली हाईवे और दिल्ली-फर्रुखाबाद मार्ग पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है। रविवार सुबह भी घना कोहरा और सर्द हवाएं जारी रहीं, जिससे कड़ाके की सर्दी महसूस की गई।कोहरे और सर्दी के कारण सुबह के समय टहलने वालों की संख्या में कमी देखी गई।

### सपा नेताओं ने बीएलए को बांटे फॉर्म-6

फर्रुखाबाद। रविवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपा नेताओं ने जिले में बूथों पर पहुंचकर पार्टी संगठन द्वारा नियुक्त बीएलए को फॉर्म 6 वितरित किए ताकि पार्टी पदाधिकारी नए वोट वोटर लिस्ट से जुड़वा सकें। आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए समाजवादी पार्टी बड़ी तैयारी के साथ वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए अपने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बड़ी मुस्तैदी के साथ लगाए हुए है। इस दौरान उनके साथ अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश पाल आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनाई गई महान विभूतियों की जयंती

फर्रुखाबाद। रविवार को सपा के आवास विकास स्थित जिला कार्यालय में सन्त नरहरी दास जी (सोनार) एवं सन्त रविदास जी महाराज की जयंती मनाई गई। जिला सचिव शिव शंकर शर्मा की अध्यक्षता में दोनों महान विभूतियों की जयंती मनाई गई। इस दौरान दोनों महान संतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों जीवन मूल्यों, सिद्धांतों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम प्रभारी समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना, जिला सचिव रामपाल यादव समेत कई लोग रहे।

# फसल की रखवाली करने गए किसान की सर्दी लगने से मौत

संवाददाता, फफूंद

- फफूंद थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव का मामला, विधिक कार्रवाई शुरू

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेतों पर फसल की रखवाली कर रहे किसान की सर्दी लगने से मृत्यु हो गई। सुबह चाय लेकर गये किसान के पुत्र के देखने पर स्वजनों व पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



रणधीर सिंह।

थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी 58 वर्षीय रणधीर सिंह यादव खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, खेतों पर लगी सबमर्सिबल पंप के कमरे में ही वह रहते थे। शनिवार की शाम लगभग सात बजे घर से खाना खाकर फसल की रखवाली करने के लिए खेतों पर चले गए। खेत देखने के बाद सबमर्सिबल के कमरे में सो गये। रविवार सुबह 6 बजे किसान का पुत्र अर्जुन सिंह खेतों पर चाय देने के लिए गया। जब उसने पिता को जगाया वह नहीं जागे तो गांव में प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया। जिन्होंने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चार पुत्र नीलेश यादव, शरद यादव, अर्जुन सिंह, धीरेंद्र यादव व दो बेटियां अनीता व सुनीता है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा।

# हिंदू सम्मेलन : सामाजिक समरसता का गूंजा शंखनाद

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** नगर फफूंद के ऐतिहासिक महाबीर धाम मंदिर में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की भीड़ ने एक सुर में संकल्प लिया कि राष्ट्र की रक्षा और धर्म के उत्थान के लिए जाति-पाति के भेदभाव को जड़ से मिटाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत प्रेमदास महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि के मड़ौक आश्रम के महंत रिंकू महाराज थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन गोपाल पाण्डेय ने किया, जिससे पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। मुख्य वक्ता आचार्य अजीत राज (प्रांत संयोजक, बजरंग दल) ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को अब संगठित होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाना होगा। जब हम एक होंगे, तभी राष्ट्र सुरक्षित होगा। मुख्य अतिथि राघव किशोर (क्रांत-दूत) ने वैचारिक क्रांति का आह्वान किया। वहीं ब्रह्माकुमारी आश्रम की बीके रिया ने आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला प्रचारक अनुपम, जिला प्रचार प्रमुख अभिमन्यु और जिला बौद्धिक प्रमुख हरिओम तिवारी ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली। वहीं नरेश दुबे, योगेश त्रिपाठी, मुकेश भारतीय, अजित पांडे जिला प्रचार प्रमुख, अनूप जिला प्रचारक, हरिओम तिवारी जिला बौद्धिक प्रमुख, अकिलेश कटियार विभाग सह प्रमुख, उत्सुक सोनी, विनीत तिवारी, नितिन तिवारी, अभिषेक मिश्रा, मनु मिश्रा, अश्वनी पांडे, प्रवल शर्मा, प्रशांत त्रिपाठी, सत्यम अवस्थी, शिबम चौबे, आलोक मिश्रा, नंदलाल सिसोदिया, शिवकांत मिश्रा, बाल कृष्ण मिश्रा, गौरव श्रीवास्तव, संजीव कुमार प्रजापति, दलवीर यादव, कन्हैया लाल दिवाकर, सतीशंकर दोहरे सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और मातृशक्ति मौजूद रहीं।



हिन्दू सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार

### हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक



बैठक कर रूपरेखा बनाते संगठन के लोग।

बेला। रविवार को कस्बा के बिधूना रोड पर 9 फरवरी को कानपुर रोड स्थित एक वाटिका में होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक की गई। बैठक में सर्व समाज के लोगों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की। इसमें कई लोगों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गये। इस मौके पर अनिल पाण्डेय, राकेश चौहान प्रधान बेला, विमल दुबे, योगी मिश्रा, राम प्रकाश शुक्ला, राधाकृष्ण दुबे, प्रेमजीत, जेपी त्रिवेदी, अरुण दुबे, बबलू चौहान, विनीत तिवारी, ओम दुबे, ओम प्रकाश मिश्रा, घनश्याम चौबे समेत कई लोग मौजूद रहे।

# छेड़खानी व आगजनी के दोषी को 10 वर्ष की कैद

## छह साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जनपद के थाना सहायल क्षेत्र में छह वर्ष पुराने छेड़खानी और आगजनी के मामले में न्यायालय ने शनिवार को फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम) अखिलेश्वर प्रसाद मिश्र ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए अवनीश कुमार उर्फ पुरी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 42 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।



अभियोजन पक्ष के अनुसार, पीड़िता की मां ने थाना सहायल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 31 दिसंबर 2019 की रात करीब 11:30 बजे गांव का ही निवासी अवनीश कुमार उर्फ पुरी दीवार फांदकर पीड़िता के घर में घुस आया। उस समय पीड़िता अपनी नाबालिग बेटी के साथ अलग-अलग चारपाइयों पर सो रही थी। आरोपी ने नाबालिग से छेड़छाड़ शुरू कर दी और नया साल मनाने की बात कही। बच्ची के शोर मचाने पर मां जाग गई। मां के शोर करने पर आरोपी ने घर की छत पर आग लगा दी और पूरे गांव में आग लगाने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इसके बाद आरोपी ने गांव के नंदराम और रमेश के घरों में भी आगजनी की। इस घटना में रमेश की एक भैंस और उसका पाड़ा जलकर मर गए। आरोपी द्वारा पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही थीं। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने छेड़छाड़, आगजनी और पशुओं की मौत को गंभीर अपराध बताते हुए कठोर सजा की मांग की। जबकि बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताया। न्यायालय ने दोष सिद्ध करार देते हुए आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड की राशि में से 5 हजार रुपये पीड़िता को देने का आदेश दिया। सजा के बाद दोषी अवनीश कुमार उर्फ पुरी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

### मेला देखकर लौट रही महिला से मारपीट, पर्स छीना

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे में रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे मेला देखकर घर लौट रही एक महिला के साथ मारपीट कर पर्स छीनने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कुछ युवकों पर हमला कर लूटपाट करने का आरोप लगाया है।

ग्राम तुरुकपुर निवासी मीणा देवी अपनी बेटी और बेटे के साथ अछल्दा कस्बे में मेला देखकर वापस घर जा रही थीं। जैसे ही वे नगर पंचायत कार्यालय के सामने पहुंचीं, वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार मारपीट के दौरान आरोपियों ने मोबाइल फोन और पर्स छीन लिया। कुछ दूरी पर मोबाइल फोन पड़ा मिला, लेकिन पर्स आरोपी अपने साथ ले गए। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया आपसी विवाद का मामला है, आरोप लगाए हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने का चल रहा खेल

संवाददाता, रूरूगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** मनरेगा में धांधली रोकने के लिए श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था लागू होने के बावजूद फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात यह हैं कि कार्यस्थलों पर मजदूरों की हाजिरी दर्ज कराने के लिए एक-दो ही ग्रुप फोटो बार-बार अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

बिधूना विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुरुखुर्द में 10 जनवरी से 23 जनवरी तक कराए गए कार्य के मस्टर रोल संख्या 5261 से 5264 के तहत बलवीर के खेत से नंदपुर सरहद तक संपर्क मार्ग निर्माण कार्य दर्शाया गया है। इस 14 दिवसीय कार्य में 40 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है, जबकि प्रत्येक दिन वही एक-दो फोटो कई बार अपलोड की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी एक दिन की नहीं, बल्कि रोजाना की है।

इसके बावजूद न तो ग्राम सचिव और न ही ब्लॉक स्तर के अधिकारी इस पर कोई निगरानी कर रहे हैं, जिससे मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीडीओ बिधूना राम दुलार ने बताया कि जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।



कई बार लगी मिली एक ही फोटो।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, 8 लोग घायल

**औरैया।** दिबियापुर-औरैया मार्ग पर कढ़ौरे का पूर्वा गांव के मोड़ के पास रविवार को एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया, जिससे उसमें सवार चालक समेत आठ लोग घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने वाली कार भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रविद्री की बताई जा रही है, जिसे उनका चालक चला रहा था। घायलों में गौरीगंगा प्रसाद निवासी अनमोल सिंह, संगीता पत्नी महेंद्र, मैरी पुत्री राजकुमार तथा कमालपुर निवासी प्रिया पुत्री अशोक, सचिन पुत्र अशोक, पूजा पत्नी कुलदीप, सुनीता पत्नी अमित और शीतला पत्नी कालिंद्री शामिल हैं। सभी घायल ककोर बुजुर्ग बाजार से खरीदारी कर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। कार चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### गाड़ी साइड करने के विवाद में दूध व्यापारी व उसके बेटे को पीटा

**फर्रुखाबाद।** कादरीगेट थाना क्षेत्र में गाड़ी साइड करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंग युवकों ने एक दूध व्यापारी के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। में दूध व्यापारी रमेश और उनके पुत्र राजन घायल हो गए।

घटना विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र के गांव पपियापुर की है। दूध व्यापारी रमेश बाइक से घर लौट रहे थे। पपियापुर की ओर मुड़ते समय ढाबे के पास कुछ युवक रास्ते में खड़े थे। रमेश ने उनसे गाड़ी साइड करने को कहा, लेकिन युवकों ने मना कर दिया। इसके बाद रमेश वहां से निकलकर अपने घर पहुंच गए। कुछ ही देर बाद वही युवक रमेश के घर पहुंच गए और लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए रमेश के पुत्र राजन को भी हमलावरों ने घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# मिनरल ऑयल से भरा टैंकर पलटा, कार खड्ड में गिरी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को कोहरे के कारण मोहम्मदाबाद क्षेत्र में मिनरल ऑयल से भरा टैंकर पलट गया, जबकि अमृतपुर थाना क्षेत्र में एक कार खड्ड में जा गिरी।

मोहम्मदाबाद में रविवार सुबह 8 बजे घने कोहरे के कारण इटावा-बरेली हाईवे पर मिनरल ऑयल से भरा एक टैंकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। यह घटना मोहम्मदाबाद कस्बे के पास हुई, जिससे कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी की मदद से पलटे हुए टैंकर को सीधा कराया। टैंकर जनपद एटा के अलीगंज क्षेत्र के मझोला से मिनरल ऑयल लेकर फतेहपुर जा रहा था। टैंकर चालक धीरेश यादव पुत्र जीतपाल सिंह ने बताया कि घने कोहरे के कारण उनका वाहन डिवाइडर से टकरा गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया।



पलटा पड़ा मिनरल ऑयल टैंकर।

अमृतपुर क्षेत्र में शनिवार रात इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर कोहरे के चलते एक कार खड्ड में गिर गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। कार में सवार राज वर्मा पुत्र अजय वर्मा, निवासी ग्राम रूपपुर, थाना गुरसहायगंज, कन्नौज और मोहित पुत्र राम बक्श, निवासी ग्राम खेड़ा, थाना जहानगंज, फर्रुखाबाद घायल हो गए।

### मसेनी चौराहे पर मिला नवजात का शव, हड़कंप

**फर्रुखाबाद।** एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। मसेनी चौराहा स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल के पास एक खाली प्लॉट में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार सुबह के समय कुछ लोगों ने खाली प्लॉट में पड़े नवजात के शव को देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही दरोगा राम मोहन यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की गई। नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# केंद्रीय बजट 2026 पर फर्रुखाबाद में हुआ भाजपा का चर्चा कार्यक्रम

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 को लेकर जनपद भाजपा फर्रुखाबाद की ओर से आवास विकास स्थित माधव मैक्स अस्पताल में बजट चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लाइव स्क्रीन पर बजट भाषण देखा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मोहन पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह नौवां बजट 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें किसान, गरीब, युवा, महिला और मध्यम वर्ग सभी को शामिल किया गया है।



बजट का सीधा प्रसारण देखते भाजपाई। अमृत विचार

- आवास विकास स्थित माधव मैक्स अस्पताल में कार्यक्रम

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बजट को भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने वाला बताया। वहीं जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि बजट की जानकारी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, हिमांशु गुप्ता, जीएस राठौर, अमरदीप दीक्षित, रश्मि दुबे, धर्मेंद्र राजपूत, अभिषेक बाथम, संजीव गुप्ता, वीरेंद्र कठेरिया, संजय सिंह, अशनील दिवाकर, रजनीश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

उल्लास

मेला श्रीरामनगरिया में विभिन्न जिलों के श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत भी माघी पूर्णिमा पर पहुंचे

# माघी पूर्णिमा : गंगा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा पर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हर रास्ता गंगा तट की ओर जाता है। फर्रुखाबाद में पांचालघाट पर 'राम की नगरी' हो या फिर सैन्य क्षेत्र के किला व रानी घाट अथवा बरगदियाघाट। सभी जगह स्नानार्थियों की भीड़ थी। शमशाबाद के ढाईघाट, कम्पिल और ऐतिहासिक श्रृंगीरामपुर में भी श्रद्धा का सैलाब देखा गया।

आलम यह था कि दूसरे जनपदों से शनिवार को ही लोग पहुंच गये थे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर रात्रि गुजारकर रविवार सुबह गंगा स्नान किया। गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने सत्यनारायण कथा, यज्ञ और भंडारों का आयोजन किया। कई भक्तों ने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए और जोत जलाकर पुण्य अर्जित किया। मेला श्रीरामनगरिया में माघ माह से कल्पवास कर रहे विभिन्न जिलों के श्रद्धालुओं के साथ उनके परिजन, रिश्तेदार और साधु-संत भी माघी पूर्णिमा पर पहुंचे। उन्होंने गंगा में स्नान किया और मेले तथा झूलों का आनंद लिया। कई स्थानों पर कन्या भोज भी आयोजित किए गए। श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से गंगा स्नान के लिए पहुंच रहे थे और स्नान के बाद वापस भी जा रहे थे।



मेला श्रीरामनगरिया में श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

भक्तों ने संतों से आशीर्वाद लिया। मेले में जगह-जगह यज्ञ और भंडारे आयोजित किए गए, जहां साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बच्चा स्वामी के क्षेत्र में स्वामी शिव स्वरूप बच्चा बाबा ने शतचंडी महायज्ञ का पूर्ण आहुति के साथ समापन किया, जिसमें भक्तों ने भी आहुति डाली। पूरे घाट क्षेत्र में 'हर-हर गंगे' और 'जय मां गंगा' के जयघोष गूंजते रहे। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया।

माघी पूर्णिमा के मौके पर गंगा घाट के आसपास अस्थायी मेले जैसा माहौल बन गया। चाट, पकौड़ी, मिठाई, फल और पूजा सामग्री सहित विभिन्न दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी। बच्चों के लिए खिलौने और खाने-पीने की दुकानों पर भी काफी लोग नजर आए, जिससे स्थानीय दुकानदारों को रोजगार मिला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयास किए गए। दिनभर घाट पर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और शाम तक स्नान का सिलसिला जारी रहा। माघी पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर अचानकपुर गंगा घाट आस्था और परंपरा का केंद्र बना रहा, जहां श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक स्नान कर पुण्य कमाया।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। बाजार क्षेत्र की निगरानी के लिए वॉच टावर बनाए गए थे, जहां से पुलिसकर्मी भीड़ पर नजर रख रहे थे। प्रत्येक घाट पर पुलिस बल तैनात था और नावों से भी लगातार निगरानी की जा रही थी। दूरबीन का उपयोग कर सुरक्षाकर्मी स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।

# श्री रामनगरिया में जागरूकता शिविर का किया आयोजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद के तत्वावधान में रविवार को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मेला श्री रामनगरिया, पांचाल घाट स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार, अपर जनपद न्यायाधीशगण दीपेंद्र कुमार सिंह, मेराज अहमद, संजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ला, सिविल जज जयवीर सिंह एवं दीपिका रानी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रियंका गांधी ने उपस्थित जनमानस को प्राधिकरण के कार्यों एवं विभिन्न विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर जागरूक किया। पर्व सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने लोगों से अपील की कि वे शिविर से प्राप्त विधिक जानकारी को अपने पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों तक भी पहुंचाएं। वहीं अपर जनपद न्यायाधीश मेराज अहमद ने गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की सराहना करते हुए आमजन से विधिक सहायता योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न कराने पर सचिव प्रियंका गांधी ने अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरेंद्र कुमार राणाजनमानस का विशेष आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### दम्पत्ति ने वीडियो वायरल कर लगाई सुरक्षा की गुहार

**मौदहा।** रविवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। जिसमें एक नवदम्पत्ति पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और गांव के कुछ लोगों से अपनी जान को खतरा होने की बात कह रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री से सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं दूसरे पक्ष की महिला द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने और घर में ताला डाल देने की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाल संतोष सिंह ने बताया कि लड़की अजमेर से गायब हुई थी और अजमेर में ही गुमशुदगी दर्ज है। फिर भी अगर कोई कोतवाली आएगा तो कार्रवाई करेंगे, लेकिन अभी तक कोई भी पक्ष कोतवाली नहीं आया है।

### ट्रक की टक्कर से परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षक घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के गल्ला मंडी नहर के पास एक ट्रक ने परिषदीय विद्यालय में तैनात शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से शिक्षक घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए तत्काल सीएचसी ले जाया गया। जहां से उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी शिक्षक विनोद द्विवेदी अपनी बाइक से जा रहे थे। राठ पनवाड़ी मार्ग पर नहर के पास अचानक पीछे बैक हो रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में विनोद द्विवेदी गिरकर घायल हो गए। घायल शिक्षक को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

### तीन के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर।** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ 50 हजार रुपये गबन का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी रविंद्र कुमार ने अदालत को अवगत कराया था कि वह 22 अक्टूबर 24 से 27 नवंबर तक जेल में निरुद्ध रहा। प्रार्थी का मोबाइल अरविंद शिवहरे लरौंद मौदहा के पास था। प्रार्थी लक्ष्य जन सेवा समिति का अध्यक्ष है। अरविंद शिवहरे ने करुणेन्द्र कुमार निवासी वार्ड संख्या 8 विंध्यवासिनी मार्ग, अभिलाष सिंह निवासी वार्ड संख्या 16 से मिलीभगत करके मोबाइल से आनलाइन आईडी पासवर्ड बदलकर समिति के खाते से 50 हजार रुपये निकालकर गबन कर लिया है। तीनों के खिलाफ गबन का मुकदमा दर्ज किया है।

### मौरंग लदी टैक्टर ट्राली पकड़ी

**मौदहा।** रविवार को कस्बे की मुख्य सड़क पर दिनदहाड़े अवैध मौरंग ले जा रहा एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा जाना सत्ताधारियों का रहमो करम फिर से चर्चा का विषय बना है। कोतवाली सहित सिसोलर और बिंवार थानाक्षेत्र में मौरंग का अवैध कारोबार लम्बे समय से चर्चा में बना हुआ है। इस खेल में सत्तारूढ़ पार्टी के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुर्खियां बटोरती है। इनके कारनामे आम जनमानस में चर्चा का विषय बने हैं। नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने कस्बे के मलीकुआ चौराहा में एक अवैध मौरंग से लदी टैक्टर ट्राली को पकड़ी है। हालांकि इसका चालक मौके से फरार हो गया है। वहीं नायब तहसीलदार ने इसे कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# घटिया कार्य से टूटी सीसी सड़क , लोगों में आक्रोश

## परेशानी को लेकर ग्रामीणों ने डीएम को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पारा गांव में नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइन के बाद तोड़ी गई सीसी की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीएम को पत्र देकर सीसी का निर्माण कराने की मांग की है।

पारा निवासी शिवम तिवारी, रणधीर सिंह, रुशल सिंह, भूपल सिंह, प्रेम प्रकाश तिवारी, सत्यम भारती, श्यामेंद्र सिंह आदि ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि नमामि गंगे द्वारा हर घर नल योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के लिए तोड़ी थी। लेकिन सीसी निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जिससे आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नमामि गंगे के अवर अभियंता से कई बार शिकायत की तो ठेकेदार ने सीसी मरम्मत के नाम पर घटिया कार्य कराया जिससे 15 दिन में सीसी अपने पुराने रूप में पहुंच गई। जिससे आवागमन करने के साथ वाहन निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर खोदी गई सीसी की मरम्मत की मांग की है। नमामि गंगे के अवर अभियंता बिदुर कुमार ने बताया कि सीसी में कार्य कराया गया था। ग्रामीणों रास्ते से वाहन निकालने लगे व नाली का पानी आने से मरम्मत कार्य खराब हो गया है।


सीसी सड़क के ऊपर बहता पानी। अमृत विचार

- शिकायती पत्र देकर सीसी सड़क की मरम्मत की मांग की है

## सैकड़ों पेड़ लकड़ी माफियाओं ने काटे

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के मंगरौठ गांव के पास बनी गल्ला मंडी परिसर में बीते तीन दिनों से हो रही पेड़ों की अवैध कटान ने प्रशासनिक दावों की पोल खोलकर रख दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी के अनुमति, बिना नीलामी और बिना लिखित आदेश के बेशकीमती हरे पेडों को चोरी छिपे कटवाकर बेंचा जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि मंडी सचिव के इशारे पर पेड़ों का अवैध कटान किया गया। वहीं मंडी सचिव राजेश कुमार का कहना था कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

मंगरौठ गांव के पास गल्ला मंडी वीरान पड़ी है। यहां पर सैकड़ों की तादाद में बेशकीमती पेड़ लगे हैं। बीते तीन दिनों ने मंडी के अंदर चोरी छिपे पेड़ों की कटान की जा रही है। ग्रामीणों के विरोध के बाद भी लकड़ी माफियाओं ने नहीं सुनी। बताया जाता है कि माफिया गल्ला मंडी प्रशासन के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ कर पेड़ कटवा रहे हैं। जिन्हें ट्रैक्टरों में लोड कर बाहर भेजा गया है। एसडीएम ने मामले को संज्ञान में लेकर एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

# मुशायरे में एक से बढ़कर एक कलाम पढ़े

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मोहल्ला हुसैनगंज निजामीपुरा स्थित मास्टर फखरुद्दीन यावर मौधवी के मकान में बज़्मे करीम का माहाना तरही मुशायरा संपन्न हुआ। इसकी सदारत मास्टर फिरोज़ कमाल और संचालन शायर इनायत मोईन चिश्ती ने किया। मुशायरे में डॉ.अजमल सगीर मेहमाने खुसूसी रहे। मुशायरे में करीब दो दर्जन शायरों ने मिसरे पढ़े। कुछ फायदा नहीं मियां ऐसी उड़ान से और जाते हो तुम किस राह पर ठहरो ज़रा समेत कई कलाम पेश किए गए। श्रोताओं ने हर शायर के अच्छे शेर पर खूब दाद दी।

बदरुद्दीन तायब ने शेर सुनाया तुझको नज़र में आएंगे फिर रंगे कायनात, बाहर निकल के आओ तो अपने मकान से। मसीह निज़ामी ने पढ़ा दोज़ख की आग देख के क्या होगा उनका हाल, डरते हैं जो भी दुनिया के इस तापमान से। यावर मौधवी ने शेर सुनाया तनक़ीद ग़ैरों की करूंगा तुमसे फिर, मैं डाल लूं खुद पर नज़र ठहरो ज़रा। मूलचंद वारसी ने शेर पढ़ा मेहनत से अपनी जिनको खिलाकर बड़ा किया, वो गुल भी आज लड़ने लगे बागबान से। इनायत मोईन चिश्ती ने पढ़ा सरकार ने एक रोज सहाबा से कहा था, खुशबू वफ़ा की आती है हिंदोस्तान। कमर निजामी ने पढ़ा महरूम नहीं होता वो शागिर्द ज्ञान से, उस्ताद की जो बात को सुनता है ध्यान से। इस्लाम मौधवी ने शेर सुनाया तेरी मुखालफ़त का ज़रा भी असर नहीं ,हम लोग जी रहे हैं बड़ी आन बान से । क़ुदरत उल्लाह तिशना ने शेर सुनाया मौसम हमेशा एक सा रहता नहीं, जाएगा सर्दी का असर ठहरो ज़रा। रमज़ान खां साहिल ने शेर सुनाया मैं सच को झूठ झूठ की सच कह न पाऊंगा, जाती है मेरी जान तो फिर जाए जान से। निज़ाम मौधवी ने पढ़ा पाने को उसने मुझको किए हैं कई जतन,ली उसने दुश्मनी है सभी खानदान से । आकिल बिजनौर ने पढ़ा शीशे की तरह दिल के भी टुकड़े हज़ार , ज़ालिम ने ऐसा तीर चलाया कमान से । कलंदर निजामी ने पढ़ा क्यों खौफ खाते हो ज़माने से भला ,हो जाएगी इक दिन सहर ठहरो ज़रा। मुन्ना बॉर्डर ने अपने हास्य कलाम से सबको खूब हंसाया तुम अपने आपको जो समझती हो माधुरी ,मेरी भी शक्ल मिलती है शाह रूख खान से। तकी मास्टर ने शेर सुनाया तफ़रीके ज़ात पात से कुछ फायदा नहीं ,मिल कर यहां रहें सभी अमनो अमान से । महक बानो ने शेर सुनाया दो वक्त की वो कैसे कमाता है रोटियां, ये बात जा के पूछिए अपने किसान से । नसीम आलम ने पढ़ा सब जानते हैं फिर भी मगर हाव हाव है ,खाली ही हाथ जाएंगे सब इस जहान से। सफीर माचवी ने पढ़ा दर्दे फ़िराक़ से मेरा दिल चूर चूर है ,ये कौन उठ गया है मेरे दरमियान से । नजम मास्टर ने पढ़ा लहरा के ज़ुल्फ देखा जो बस तिरछी नजर से, बेहोश हो के कुछ तो गए अपनी जान से। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।


कलाम पढ़ते शायर। अमृत विचार

- मुशायरे में करीब दो दर्जन शायरों ने पेश किए अपने कलाम

# कुरारा के वार्ड एक में 20 लाख से बनेगा श्मशान गृह

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

**अमृत विचार।** कस्बा के वार्ड नंबर एक में 20 लाख की लागत से बनेगा श्मशान गृह। नगर पंचायत चेयरमैन ने भूमि पूजन किया। इससे लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से राहत मिलेगी।

कस्बा के वार्ड नंबर एक में लोगों को अंतिम संस्कार करने के लिए दूर जाना पड़ता था, इस समस्या के समाधान के लिए नगर अध्यक्ष अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने भूमि पूजन कर इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य का शुभारंभ कराया। श्मशान गृह के निर्माण से वार्ड नंबर एक के लोगों को अब दूर-दराज़ क्षेत्रों में जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। उन्हें अपने ही क्षेत्र में सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने बताया कि वार्ड वासियों की मांग पर श्मशान गृह का भूमि पूजन कर कार्य शुरू कराया जा रहा है।


श्मशान गृह का भूमि पूजन करतीं चेयरमैन आशारानी कबीर। अमृत विचार

## चार से होगा तीन दिवसीय उर्स

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा सहित क्षेत्र के महान सूफी संत हजरत ताज उददीन बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स चार फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा।

उर्स के सिलसिले में चार फरवरी को बाद नमाज़ इशा नातिया मुशायरा का आयोजन होगा। जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी शायर नातिया कलाम पेश करेंगे। वहीं पांच फरवरी को सुबह बाद नमाज़ फजिर कुरान ख्वानी और ग्यारह बजे से लंगर जबकि बाद नमाज़ असर चादर पोशी और बाद नमाज़ इशा कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया जाएगा। छह फरवरी को कुल की फातिहा और लंगर के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

# एडीएम फाइनेंस की विदाई में भावुक हुए कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** एडीएम फाइनेंस विजय शंकर तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में डीएम और अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में कई कर्मचारी भावुक हो गए।

14 फरवरी 2024 को हमीरपुर में एडीएम फाइनेंस का चार्ज विजय शंकर तिवारी ने संभाला था। उन्होंने करीब 22 महीने के कार्यकाल में बड़े फैसले लेकर खनिज विभाग के खजाने में रिकार्ड तोड़ राजस्व जमा कराया। बाढ़ से विकराल स्थिति को लेकर प्रभावित इलाकों में राहत कार्य कराकर पीड़ितों को राहत पहुंचाई। सेवा से रिटायर्ड होने पर कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने एडीएम विजय शंकर तिवारी के कार्यकाल की सराहना की। कहा इन्हें जो भी दायित्व दिए गए उन्हें समय रहते पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया है। ये हमेशा अपने कार्यों के प्रति सक्रिय रहते थे। उन्होंने कहा कि वह सेवा से रिटायर्ड हो रहे हैं, लेकिन इनकी कार्यशैली को सदैव याद रखा जाएगा। एडीएम विजय शंकर तिवारी ने कहा कि उन्हें यहां पर काम करते बहुत अच्छा लगा। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में कोई भी दायित्व उन्हें मिला उसे पूरा करने में कभी कोई दिक्कत नहीं आई। विदाई समारोह में जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने एडीएम फाइनेंस को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एसडीएम सदर केडी शर्मा, एएसडीएम राजकुमार गुप्ता, हैदर पैगाम ए.एसडीएम, कलेक्ट्रेट मिनीस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश निगम, विनय कुमार ओएसडी जिलाधिकारी, आपदा विशेषज्ञ प्रियेश मालवीय, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी, प्रशस्ति तिवारी ओएसडी एडीएम फाइनेंस, लिपिक गौरव शर्मा, अवधेश अवस्थी एओ कलेक्ट्रेट, धर्मेन्द्र सिंह, प्रभात तिवारी, अभिषेक कुमार समेत तमाम कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।


एडीएम वित्त एवं राजस्व को सम्मानित करते कर्मचारी। अमृत विचार

- विजय शंकर तिवारी के कार्यशैली की डीएम ने की सराहना

# भाजपाइयों ने केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सुना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद की उपस्थिति में केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सुना गया। सदर विधायक ने सुमेरपुर ब्लाक हाल में बजट का प्रसारण देखा।

आगामी बजट को लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पेश केंद्रीय बजट 2026 को पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से सुना। सुमेरपुर ब्लाक हाल में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति की उपस्थिति में बजट का प्रसारण सुना गया। जहां ब्लाक प्रमुख जयनारायण यादव, मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, भार्गव मिश्रा, गीता ओमर, श्याम धुरिया, अशोक सिंह, रवि गुप्ता, शरद चंदेल, अंकित सिंह, अजित गुप्ता उपस्थित रहे।

पार्टी कार्यालय में मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि बजट में विकसित भारत का संकल्प और हर वर्ग के कल्याण की झलक साफ दिखाई देती है। सभी ने बजट की सराहना की और हर्ष व्यक्त किया। यह बजट देश और क्षेत्र की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। लाइव प्रसारण में जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह, अंकित गुप्ता, मनोज गुप्ता, नीलम बाजपेयी, राधा चौरसिया, राजकुमार शुक्ला, विनय मिश्रा, इंद्रप्रकाश बाजपेयी उपस्थित रहे। छानी में पूर्व जिलाध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता की उपस्थिति में बजट का लाइव देखा गया।


भाजपा कार्यालय में बजट सुनते पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

## रविदास मंदिर में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के रविदास मंदिर धर्मशाला में रविवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। पड़ाव चौराहे पर स्थित रविदास मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो कि बारह खम्बा चौराहे से होते हुए सैना रोड, दीवानपुरा और उरई बस स्टैंड तथा आंबेडकर चौराहा बजरिया रामलीला होते हुए वापस समाप्त हुई। विचार गोष्ठी और सभा में वक्ताओं ने संत रविदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजाराम वर्मा, सुंदर लाल, जालौन जनपद से आईं अंजू चौधरी, गोविंद अहिरवार, कामता राजपूत, प्रताप लोधी जराखर, धूराम चौधरी पूर्व विधायक, व मनोज वर्मा के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मौलाना खान के साथ उनके सहयोगियों की संपत्ति का ब्योरा जुटाने में लगा प्रशासन

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** 15 जनवरी को कस्बे में हुए लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव के मामले में आरोपी बनाए गए मौलाना खान के व्यावसायिक साझेदारों की कुंडली प्रशासन तैयार करने में जुटा है। कस्बे के पांच चुनिंदा व्यापारियों को चिन्हित कर उनकी आमदनी के स्रोत खंगाले जा रहे हैं। कुछ लोगों को बुलाकर पूछताछ भी की गई है। इससे इन लोगों में खलबली मची है।

मौलाना खान का पुश्तैनी कारोबार लकड़ी का रहा है। इसी के चलते लकड़ी माफिया कहा जाता है। मौलाना खान ने जब बसपा से नजदीकी बढ़ाई तब इसने लकड़ी के अलावा जमीन का कारोबार शुरू किया। इसको कस्बे में भूमाफिया भी कहा जाता है। जमीन के धंधे में इसने कस्बे के कुछ गैर मुस्लिमों को शामिल किया और जमकर खरीद फरोख्त कर कस्बे के चारों तरफ प्लाटिंग का कारोबार किया। अब इन्हीं साझेदारों की कुंडली प्रशासन मौलाना खान के साथ खंगाल रहा है। कुछ लोगों को थाने लाकर पूछताछ भी की गई है। खुफिया सूत्रों का दावा है कि प्रशासन गहनता के साथ मौलाना खान और उसके साथियों की कुंडली खंगाल रहा है। इनके आमदनी के स्रोत ढूंढ़े जा रहे हैं। बताते हैं कि यह तब संभव हुआ है जब भाजपा के एक कद्दावर नेता ने मुख्यमंत्री से भेंट कर मौलाना खान का काला चिट्ठा उनके समक्ष रखा है। इसके बाद ही प्रशासन सक्रिय हुआ है। प्रशासन के पूछताछ करने के बाद साझेदारों में हड़कंप मच गया है। यह लोग मौलाना खान से संबंधों को सिरे से नकारने लगे हैं, साथ ही दूरियां बढ़ा ली। खुफिया सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इनकी कुंडली तैयार करके शासन को भेजी जाएगी। इसके उपरांत ही इनके खिलाफ जांच शुरू होगी। अभी महज उनकी संपत्तियों का ब्योरा तैयार किया जा रहा है। साथ ही आमदनी के स्रोत एकत्र किए जा रहे हैं। वहीं चर्चा है कि कस्बे का एक कद्दावर भाजपा नेता आरोपियों को बचाने में लगा है।

- लव जिहाद, दुष्कर्म एवं धर्मांतरण के दबाव के मामले में आरोपी बनाए गए हैं

# एनजीटी टीम 4 को गायत्री गंगा का सच जानने आएगी

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे की याचिका पर एनजीटी की टीम 4 फरवरी को गायत्री गंगा (करोड़न नदी) को मौके पर आकर स्थिति देखेगी। रविवार को एडीएम ने एसडीएम सदर एवं तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के साथ कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा का निरीक्षण किया। इस मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद रही।

कस्बे के स्टेशन मार्ग निवासी समाजसेवी राजेश शिवहरे ने गत वर्ष एनजीटी के समक्ष याचिका दाखिल करके कस्बे में गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण को हटाकर साफ सफाई कराने की मांग की थी। एनजीटी ने इसको गंभीरता के साथ लिया था और सुनवाई करते हुए प्रशासन से नदी की रिपोर्ट तलब की थी। इस याचिका पर अगली सुनवाई 9 मार्च को होनी है। इसके पूर्व प्रशासन ने इसको नदी की जगह बरसाती नाला मानकर रिपोर्ट प्रस्तुत की है जबकि याचिका कर्ता का दावा है कि यह वर्ष पर्यंत बहने वाली नदी है किसी हद तक यह दावा सही भी है क्योंकि इसमें वर्ष पर्यंत पानी रहता है।

यही सच जानने के लिए एनजीटी की टीम 3 फरवरी को मुख्यालय आ रही है 4 फरवरी को टीम मौके पर नदी का अवलोकन करके रिपोर्ट तैयार करेगी। रविवार को एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद ने एसडीएम सदर केडी शर्मा, तहसीलदार, नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य, वन विभाग की टीम के साथ नदी का भ्रमण करके रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

- रविवार को एडीएम न्यायिक ने कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा का निरीक्षण किया

## चार दिनों से लापता छात्र की गुमशुदगी दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** बीए प्रथम वर्ष का एक छात्र बीते चार दिनों से लापता है। छात्र घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

बताया गया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी देशराज कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए बताया कि उनका 19 वर्षीय पुत्र नीतेश कुमार कुशवाहा कस्बे के बड़े चौराहा के समीप स्थित डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। बीते 27 जनवरी को वह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस की मदद ली। पुलिस मांमले की जांट कर रही है।

**आयोजन** | विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, भव्य शोभायात्राएं, विचार गोष्ठियां और भंडारे आयोजित किए गए

# धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि रविदास की 649 वीं जयंती

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलेभर में रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन, भव्य शोभायात्राएं, विचार गोष्ठियां और भंडारे आयोजित किए गए।

मुख्यालय के आम्बेडकर नगर नौबस्ता से संत शिरोमणि रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान ढ़ोल नगाड़ों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। वक्ताओं ने संत रविदास के विचार सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता की सेवा पर आधारित हैं। इस दौरान रामकृपाल, रामसेवक वर्मा, हरी सिंह अनुरागी, अखिलेश कुमार, अनीस कुमार, अनूप कुमार, रामाधार, भगवान दास, पुष्पेंद्र सिद्धार्थ घसीटेलाल वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं कोरी समाज महासस्थान ने भी संत शिरोमडी रविदास की जयंती मनाई। रामबाबू, राम बहादुर नयन, चन्द्रभान दरोगा, सुरेश आचार्य, रामहेत अनुरागी, भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे। सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान जयंती मनाई गई। ओम प्रकाश सोनकर, वारसी, हरिनारायण निषाद, जगमोहन यादव, नरेश सिंह खंगार, रजा हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।


बिवांर में शोभायत्रा निकालते लोग। अमृत विचार


शोभायात्रा निकालते अनुयायी। अमृत विचार

### मौदहा में धूमधाम से मनी संत रविदास की जयंती

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में रविवार को संत रविदास की जयंती हर्षोल्लास के बीच मनाई गई। अनुयायियों ने भव्य शोभायात्रा निकाल विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। शोभायात्रा में महापुरुषों की झांकियों के साथ दीवारी नृत्य मंडली, घोड़े, ढोल-नगाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते दिखाई दिए। आंबेडकर पार्क में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। संत रविदास के महान विचारों पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं। उधर बिवांर में संत रविदास की शोभायात्रा बैंडबाजा घोड़ा डीजे के सहित अनेक झांकियां के साथ एक निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। पुरवा मोहाल से एमडी वर्मा, रामगोपाल वर्मा, शिवपाल, रामहेत की देखरेख में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक महापुरुषों की झांकी शामिल रहीं। शोभायात्रा को सन्नी मिश्रा ने बाजार मोहाल में जलपान कराकर विदा किया। करीब एक दर्जन लोगों ने अंधविश्वास जातिवादी छुआछूत भेदभाव पाखंड जुआं शराब को समूह से नाश करने की प्रतिज्ञा ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### कीड़े के काटने से किसान की मौत

**महोबा।** रामूपुरा कदीम गांव निवासी महेश पुत्र प्यारे लाल अहिरवार खेत में सिंचाई कर रहा था तभी अचानक कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे वह खेत में ही पैर पकड़ कर बैठ गया और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे सीएचसी ले गए, जहां पर डॉक्टर ने उसका उपचार किया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

### किराना दुकान की दीवार तोड़कर चोरी

**महोबा।** कबरई के डहर्रा गांव में स्थित एक किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। मकरबई गांव निवासी संतराम ने बताया कि डहर्रा गांव में वह किराने की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि रोज की तरह वह बीती रात दुकान बंद कर वह घर चले गए और सुबह जब दुकान खोलने के लिए गए तो दुकान की पीछे की दीवार टूटी हुई थी। दुकान के अंदर से लगभग 40 हजार रुपये की सामग्री और करीब 15 हजार रुपये की नकदी गायब थी। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से इस चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की है।



पूर्वजों की कब्रगाहों की सफाई करते लोग। अमृत विचार

## शब-ए-बारात पर की कब्रगाहों की सफाई

**महोबा।** शब-ए-बारात को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रगाहों की साफ सफाई की। तमाम लोगों ने कब्रगाहों में उगी हरी घास, पेड़ पौधे, झाड झंकाड़ को फावडे, खुरपी, कुल्हाड़ी चलाकर साफ करके कब्रगाहों को चमाचम कर दिया है साथ ही मुस्लिम लोगों ने अपने बुजुर्गों की जमीदोज हो चुकी कब्रिस्तानों पर मिट्टी डालकर उन्हें कब्र का रूप दिया। कब्रगाहों की सफाई में लोग परिवार के साथ जुटे रहे।

शब-ए-बारात त्योहार से पहले हर साल मुस्लिम समुदाय के लोग अपने-अपने पूर्वजों की कब्रगाहों में जाकर साफ सफाई करते हैं और कब्रगाहों पर फूल अगरबत्ती लगाते हैं, जिससे उनकी रूहों को सूकून मिलता है। कब्रिस्तानों की साफ सफाई करने की परम्परा वर्षों से चली आ रही है। पहले उनके पूर्वज साफ सफाई करते थे, अब उनके परिवार के नाती, पोते व अन्य लोग कब्रगाहों में साफ करते हैं। 3 फरवरी को शब-ए-बारात पर्व होने के कारण लोग प्रतिदिन की तरह रविवार की सुबह फावड़ा, गेंती, कुदाली, खुरपी और कुल्हाड़ी लेकर कब्रगाहों पर पहुंचे और सफाई की।

पर्व करीब होने के कारण कब्रगाहों में अलग अलग परिवार के लोगों के झुंड के झुंड सफाई करते दिखाई दे रहे हैं। कब्रगाहों में अच्छी खासी भीड़ होने के कारण परिवार के लोगों का सफाई सफाई करने में भी मन लगा रहता है साथ ही उनके खानपान बगैरा का भी बेहतर इंतजाम भी किया जाता हैं। साल भर तक कब्रगाहों में झांकने न जाने वाले लोग शब-ए-बरात पर्व के मौके पर परिवार के साथ पहुंचते हैं।

# भाजपा ने बजट को सराहा, विपक्षी दलों ने किसान विरोधी बताया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के आम बजट की जहां भाजपाइयों ने सराहाना की वहीं सपा, बसपा और कांग्रेस ने बजट को जन विरोधी बताया। बजट 2026 में इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। वहीं आम नागरिक को बजट से कोई लाभ नहीं हुआ। बजट में बुंदेलों को कुछ नहीं मिला है, यहां के बाशिंदों और जन प्रतिनिधियों द्वारा खजुराहो महोबा से लखनऊ के लिए ट्रेन चलाए जाने की लंबे समय से की जा रही मांग के बाद भी एक भी ट्रेन नहीं मिली।

भाजपा के विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि इस साल का बजट मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और आम जनता के लिए लाभकारी है। पेश किया गया बजट ऐतिहासिक एवं हर वर्ग को फायदेमंद साबित होगा। बुंदेलखंड क्षेत्र में आईआई स्थापना के लिए बजट में व्यवस्था की गई है। बुंदेलखंड क्षेत्र के युवाओं के लिए यह क्रांतिकारी फैसला है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए बजट की खासी सराहना की जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया ने वित्त मंत्री के पेश किए गए बजट को जनता विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट से किसानों और आम आदमी को कोई लाभ होने वाला नहीं है। बजट में कुछ भी नहीं है, जिससे लोगों को बजट का लाभ मिल सके। सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव ने अंतरिम बजट को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि बजट में किसानों को कोई लाभ नहीं दिया गया और न ही खाद, बीज, कृषि यंत्र सस्ते किए गए हैं। उनका कहना है कि पेश किए गए बजट में कोई भी खास बदलाव नहीं किया गया, जिससे किसी को कोई लाभ नहीं हुआ है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगादीन अहिरवार ने बताया कि बजट 2026 से आम लोगों को दूर रखकर बनाया गया है, जिससे उन्हें कुछ नहीं मिला। पेंशनर्स सेवा संस्थान के जिला महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि बजट में कर्मचारियों, पेंशनरों एवं दैनिक भोगी कर्मचारियों मेहनतकश लोगों की उपेक्षा की गई है और बजट में कर्मचारी का कोई ध्यान नहीं रखा गया है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार कर्मचारियों पेंशनरों और मेहनतकश लोगों की विरोधी है। कहा कि इनकम टैक्स स्लैब में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने विदेशो में शिक्षा और इलाज को टैक्स फ्री किया जाए। बड़े लोगों को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया। बजट का सीधा प्रसारण देखने के लिए भाजपा के साथ आम आदमी टीवी के सामने बैठे रहे।



लाइव प्रसारण देखते लोग। अमृत विचार

- **बुंदेलखंड के लोगों को बजट में नहीं मिली कोई नई ट्रेन**



जितेंद्र सिंह सेंगर एमएलसी।



संतोष धुरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष।



शोभालाल यादव सपा जिलाध्यक्ष।



पेंशनर्स सेवा संस्थान के बीके तिवारी।

# गाजे-बाजे के साथ निकली संत रविदास की शोभायात्रा

## जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जयंती, भंडारे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जुटी भीड़

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में संत रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। रविवार को शहर के रविदास मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान ट्रैक्टर में विभिन्न झांकियों से सुसज्जित झांकियां चल रही थी, जिसमें महिलाएं, पुरुष, बच्चे व समाज के रविदासी पंथ के अनुयायी शामिल रहे। जयंती पर रविदास समाज के लोगों ने हवन और भंडारे का आयोजन किया, जहां पर सुबह से ही लोगों ने हवन में शामिल होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। रात में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, इस मौके लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को मुहल्ला नैकानापुर स्थिति रविदास मंदिर परिसर से दोपहर 2 बजे संत रविदास के जीवन पर आधारित झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा शहर के तहसील चौराहा, मेन बाजार, ऊदल चौक, राठ चुंगी, खोवा मंडी होते हुए पुनः रविदास मंदिर में आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में महिला, बच्चे बैंडबाजों और डीजो की धुनों के साथ झूमते चल रहे थे। बच्चे ट्रैक्टरों पर महापुरुषों का रूप धारण कर लोगों को प्रभावित करते नजर आए। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया, जहां पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रविदास जयंती के मौके पर रविदास मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया और चल रहे भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। रविदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा दौरान लोगो में खासा उत्साह नजर आया। जयंती के मौके पर रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों और कीर्तन मंडली ने गुरु रविदास के जीवन पर आधारित कीर्तन व गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला। इसी तहर शहर के भटीपुरा, नयापुरा नैकाना में भी रविदास के मानने वालों ने हवन कर आहुति दी साथ ही भंडारे और रात्रि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देर रात्रि तक चले कार्यक्रमों में लोगों की भीड़ जुटी रही।



शोभायात्रा निकालते अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

### जैतपुर में भी रविदास जयंती की धूम

**बेलाताल।** कस्बे के मऊपुरा में रविदास कुटी मंदिर परिसर पर संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूजा-अर्चना के बाद शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर के व्यासपुरा, घुसयाना, जुगयाना, मल्याना, जमींदारी, बजरिया, बाजार, ड्योढ़ीपुरा होते हुए ओनेपुरा पहुंचकर समाप्त हुई। समाजसेवी मौला बख्स ने कहा कि संत रविदास जी जैसे विचारों वाले महापुरुष हमारे देश में न हुए है और न होंगे। उनके बारे में में जितना कुछ भी कहा जाए वह कम है। रविदास जी एक सच्चे संत महापुरुष के रूप में जाने जाते है। इस मौके पर ग्राम प्रधान छोटेलाल अहिरवार, देशराज कुशवाहा, अखिलेश, मौला बख्स, जगत सिंह, प्रेमनारायण, कामता कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में मौजूद लोग। अमृत विचार

## घोड़ों के साथ निकाली झांकी

**कुलपहाड़।** संत शिरोमणि रविदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें रविदास जी की आकर्षक झांकी के साथ घोड़े शामिल रहे और पूर रास्ते बैंडबाजे के साथ डीजे बजा। रविदास मंदिर से कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र कुमार वर्मा ने शोभायात्रा की शुरुआत कराई, जो नगर के हटवारा, बस स्टैंड, बाजार, किशोरगंज, पठवा पुरा, नजरबाग, सतियनपुरा, सेनापति वार्ड, कठवरिया पुरा होते हुए समाप्त हुई। शोभायात्रा के बाद रविदास मंदिर में बच्चों का बूगी-बूगी व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक बृजभूषण राजपूत व जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह, प्रतीक यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शीतल प्रसाद ने किया। मंच की शोभा गायक विशाल ने शानदार गीत की प्रस्तुति देकर बढ़ाई। शोभायात्रा में उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, मजिस्ट्रेट अभिषेक मिश्रा के साथ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, एसआई योगेश रावत, कृष्णा गुप्ता, मोहम्मद शोएब, उपाध्यक्ष नवल किशोर, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार, शीतल प्रसाद, रफीक उल्ला सिद्दकी, इरफान पठान, संरक्षक बाबूलाल अहिरवार, काशी प्रसाद अहिरवार, कल्लू नेता कारीगर, मानवेंद्र सिंह, हरीदास अनुरागी आदि मौजूद रहे।



थायरो केयर कलेक्शन का उद्घाटन करते चरखारी विधायक। अमृत विचार

## कस्बों में भी युवतियां अपना रही स्वरोजगार

**कुलपहाड़ (महोबा)।** अब छोटे कस्बों में भी युवातियां स्वरोजगार शुरू कर उड़ान भर रही हैं।

यह बात नगर के गोंदी चौराहे पर एक ब्यूटी पार्लर एवं थायरो केयर कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन करते हुए चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने कही।

नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने कहा कि युवतियों को स्वरोजगार स्थापित करना चाहिए। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सक्सेना, गौरी द्विवेदी, राधिका रत्नाकर, खुशबू अरजरिया, संजय अग्रवाल, महेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत, प्रभात पटैरिया, बृजेंद्र द्विवेदी, नरेश रिछारिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 154 मरीजों का पंजीयन कर की जांच

संवाददाता बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर के खमा अकौना ओर अजनर पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का रविवार को आयोजन किया गया। आरोग्य मेला का शुभारंभ टीम के प्रभारी डॉ. अंशुमान रावत ने फीता काटकर किया। मेले में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आरोग्य मेले में पंजीयन कराया। इसके बाद सभी पंजीकृत 154 रोगियों का उपचार कर दवा वितरित की गई।

उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ से गठित की गई मंडल स्तरीय एसआरएम टीम ने रविवार को विकास खंड जैतपुर के अन्तर्गत आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला पीएचसी खमा 53, अजनर 55 और अकौना में 46 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जहां पर डाक्टरों और कर्मचारियों की टीम ने मरीजों का उपचार किया। सुबह 10 बजे टीम खमा पहुंची। इसके बाद मरीजों का उपचार शुरू किया गया। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक स्वास्थ्य टीम ने मरीजों का चेकअप कर उपचार किया। झांसी मंडल की दो सदस्यीय एसआरएम टीम प्रभारी अपर सीएमओ झांसी, डॉ. अंशुमान रावत व नरेंद्र रावत ने सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत की मौजूदगी मे खमा अजनर और अकौना पीएचसी में लगे आरोग्य मेलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। टीम ने पंजिका रजिस्टर देखा और दवा वितरण रजिस्टर की जांच कर चिकित्साधिकारी कक्ष के साथ साथ आयुष्मान कार्डो की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को पहले से और बेहतर सुविधा प्रदान कराई जाए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत, डॉ. अभिमन्यू, डॉ. पीएन शर्मा डॉ' जीतेन्द्र कुमार डॉ. वैशाली सोनी डॉ. रामकुमार डॉ. जयप्रकाश पस्तोर, डॉ. शैलेन्द्र सिह बीसीपीएम शिवचरन पाल रहे।



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का चेकअप करती टीम। अमृत विचार

- **झांसी मंडल की दो सदस्यीय टीम ने आरोग्य मेलों का किया निरीक्षण**


**ग्राम पंचायत अरछा बरेठी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी । **दिनांक 2/2/2026से 7/2/2026**

| क्र.सं. | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | ग्राम पंचायत अरछा बरेठी में राशन घर का निर्माण | 736125 | 14650 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अरछा बरेठी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट



अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें



**सूचना**

मेरे पुत्र दीपक यादव का चाल चलन समाज विरोधी व संदेहजनक हो गया है। समझाने के बाद भी उसमें सुधार नही है। इस कारण से मैने उससे सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। यदि वह किसी से लेनदेन या कोई कृत्य करता है तो वह स्वंय ही जिम्मेदार होगा। उसका परिवार के लोगों से कोई सरोकार नहीं । **सतीश कुमार पुत्र मोहर सिंह निवासी मोहनपुर पोस्ट लरखौर सैंफई इटावा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा और मेरे पिता का नाम आनंद त्रिपाठी पुत्र रामकृपाल त्रिपाठी दर्ज है जबकि पैन कार्ड में मेरा और मेरे पिता का नाम आनंद तिवारी पुत्र राम कृपाल तिवारी दर्ज है, भविष्य में मेरे और मेरे पिता के नाम को आनंद त्रिपाठी पुत्र राम कृपाल त्रिपाठी समझा व पढ़ा जाए। **आनंद त्रिपाठी पुत्र रामकृपाल त्रिपाठी ग्राम व पो. हाजीपुर जिला अयोध्या**

**सूचना**

मैं सत्य नारायण सुत स्व0 बाबू राम निवासी ग्राम सोनबरसा पोस्ट रामापुर थाना धम्मौर जनपद सुलतानपुर यह कि मैं आर्मी से सेवानिवृत्त आर्मी नं0 13869536H नायक के पद पर सेवा दे चुका है। मेरी सेवापुस्तिका में मेरे पत्नी चन्द्रावती की जन्मतिथि 01/07/1962 व नाम चन्द्रवती दर्ज हो गया है जबकि मेरे पत्नी की सही जन्मतिथि 01/01/1959 व नाम चन्द्रावती सत्य व सही है।

**सूचना**

मेरे पिता महादेव पुत्र रामदुलारे विगत 25 फरवरी 2016 से अचानक कहीं गायब हो गए हैं। इनकी उम्र लगभग 88 वर्ष है। इनका रंग सांवला लंबाई 5 फीट 8 इंच है। शरीर दोहरा तथा बाल सफेद है। इनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इनके लापता होने की सूचना थाना तुलसीपुर में 10 अक्टूबर 2017 को दर्ज है। इनकी बहुत तलाश की गई लेकिन इनका कोई पता नहीं चल सका है। **संतराम पुत्र महादेव निवासी ग्राम संडवा गुलरिहा, परगना, थाना व तहसील तुलसीपुर जनपद –बलरामपुर +919651453805**

**सूचना**

पहले मेरा नाम Vasim Khan था अब मैने बदलकर अपना नाम Waseem Khan रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- Mohammad Shahid Khan R/O- Bhewapar, Isur, Sultanpur, Uttar Pradesh, -228142

**सूचना**

पहले मेरा नाम SANJAY SINGH था अब मैने बदलकर अपना नाम SANJAY SINGH KASERA रख लिया है भविष्य में मुझे SANJAY SINGH KASERA के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- RADHEY SHYAM R/O- 486/68,THATHERI BAZAR DALIGANJ STATION, LUCKNOW


श्रद्धा — परिक्रमा मार्ग पर गूंजी ओम नम : शिवाय और राम धुन, माघ पूर्णिमा पर स्नान और दान का है विशेष महत्व

# माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** माघ मास की पूर्णिमा पर गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के बैनर तले भक्तों ने रविवार को गोरखगिरि की परिक्रमा लगाकर सुखु-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने श्रद्धा, भक्ति भाव, राम नाम की धुन व ओम नमः शिवाय के जयकारों के साथ परिक्रमा लगाई। परिक्रमा के दौरान भक्त हाथों में धार्मिक ध्वजा लेकर चल रहे थे। परिक्रमा प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव मंदिर पहुंची, जहां भजन कीर्तन और सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने माघी पूर्णिमा और गोरखगिरि के इतिहास पर प्रकाश डाला।

रविवार की सुबह छह बजे गोरखगिरि के शिवतांडव मंदिर से माघी पूर्णिमा पर परिक्रमा प्रारंभ हुई, जो पठवा के हनुमान, महावीरन, कबीर आश्रम, हाजी फिराजशाह बाबा की दरगाह, राम दरवार मंदिर, भूतनाथ, काली माता, राधा कृष्ण, छोटी चंद्रिका मंदिर, पुलिस लाइन होते हुए पुनः शिवतांडव मंदिर परिसर में समाप्त हुई।

परिक्रमा में लोग बुलंद आवाज के साथ जय शिव शम्भू, जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। परिक्रमा दौरान भक्तों के श्रद्धा भाव से लगाए गए धार्मिक जयकारों से वातारण भक्ति में हो गया। परिक्रमा समाप्ति के बाद मंदिर परिसर में भजन पूजन और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पर लोगों की भारी भीड़ जुटी। सांई कालेज के प्राचार्य व समिति के प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने महोबा के तीर्थ स्थल सूर्य मंदिर, मनियादेव, गोरखगिरि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चंदेलों के कुल गुरु मनियादेव पर रचना सुनाई कि मनिया देव सुमिर महोबे वारो, दक्खिन दिशी में मात चंद्रिका, उत्तर शंकर प्यारो। प्राचार्य ने कहा कि माघ मास भगवान विष्णु को अतिप्रिय होने से इस महीने की पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ जाता है। माघ मास की पूर्णिमा को माघी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व होता है, इस दिन नदियों, सरोवरों में स्नान करना बहुत शुभ माना जाता है साथ ही वस्त्र दान और गौदान का भी विशेष महत्व होता है। साध्वी सुनीता ने वाल्मीकि रामायण के भगवान राम के आदर्श चरित्र वाले श्लोक और उनका अर्थ लोगों को समझाया। पंडित हरीशंकर नायक ने रामकुंड, सीता रसोई का महत्व बताया। अधिवक्ता मुन्नालाल धुरिया ने गोरखगिरि की प्राकृतिक सुंदरत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अवधेश तिवारी, पवन चौरसिया, पप्पू सेन, परशुराम अनुरागी, राकेश चौरसिया, विनोद, गौरीशंकर आदि लोग मौजूद रहे।





गोरखगिरि की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### हंस जब जब उड़ा तब अकेला उड़ा...

संत कबीर अमृतवाणी सत्संग के तत्वावधान में रविवार को कबीर आश्रम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में इंद्रजीत सिंह ने भजन प्रस्तुत किया कि जिंदगी में हजारों का मेला जुड़ा, हंस जब जब उड़ा तब अकेला उड़ा, काल से बच न पाएगा छोटा बड़ा, हंस जब जब उड़ा तब अकेला उड़ा। जगदीश रिछारिया ने जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है, अभी हमने जी भर के देखा नहीं है भजन प्रस्तुत किया। 85 वर्षीय चूरामणि रैकवार ने बुंदेली विधा की ढिमराई राग में भक्ति रचना गाये जा बजाए जा लगाए जा सारंगी सुनाई। कामता प्रसाद चौरसिया ने तूने अजब रचा भगवान खिलौना माटी का, भजन से लोगों के मंत्र मुग्ध कर दिया। समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि संतों, ऋषियों की वाणी से अमृत भरा रहता है। इस मौके पर हरिश्चंद्र वर्मा, रामदीन अनुरागी, राजाराम चौरसिया, रामऔतार सौन, आशाराम तिवारी, लखनलाल पप्पू सैन आदि कबीरी भक्त मौजूद रहे।

## अतिशबाजी से तीन डीजे कर्मी झुलसे

**महोबा।** थाना श्रीनगर के सिलारपुरा गांव में बच्चे के जन्म होने पर आतिशबाजी छुड़ाए जाने से दो सगे भाई सहित तीन डीजे कर्मी गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए।

सिलारपुरा गांव के एक परिवार में बच्चे के जन्म की खुशी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीजे के साथ साथ अतिशबाजी हुई। इसमें तिंदौली गांव निवासी अवधेश राजपूत (24), छोटा भाई संजू (22) और उनका साथी शिव कुमार (25) डीजे बजा रहे थे, परिजन और मेहमान पटाखे फोड़ रहे थे, इसी बीच एक बड़ा डीजे कर्मियों के ऊपर आकर फट गया, जिससे तीनों युवक बुरी तरह झुलस गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। घायलों को संभाला और आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों की देखरेख में तीनों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस को इस मामले की सूचना दे दी गई है पुलिस जांच में जुट गई ।

## न्यूज ब्रीफ

### घर-दुकान में छापा अवैध शराब बरामद

चित्रकूट। 29 जनवरी को जिलाधिकारी से किसी ने शिकायत की थी कि डिलौरा गांव में राजू निषाद द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। डीएम के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक प्रणव कुमार पांडेय ने राजौवा के घर एवं दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान यहां से अवैध शराब बरामद की गई। इस पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

मऊ। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से अवैध शराब बरामद की। चौकी प्रभारी खंडेहा राहुल पांडेय ने माखन को 22 अदद देशी पाउच के साथ गिरफ्तार किया। एसआई मऊ ओमप्रकाश सिंह ने एक महिला आरोपी निवासी अंबेडकरनगर बस्ती को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। एसआई रामअधार सिंह यादव ने एक अन्य महिला निवासी अंबेडकरनगर बस्ती को दो लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### आप के चित्रकूट कार्यालय का उद्घाटन

चित्रकूट। रविवार को आम आदमी पार्टी के चित्रकूट कार्यालय का उद्घाटन विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष / पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन संजय करवरिया ने किया। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने बताया कि कार्यालय में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट उपलब्ध है। जिसे भी कोई फार्म भरना है या एसआईआर संबंधित कोई समस्या है, तो वह कार्यालय में संपर्क करे। समस्या का समाधान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर जितेंद्र गोयल, सन्नो मौर्या, विमल केशरवानी, डॉ. रमाकांत गुप्ता, प्रमोद कुमार सोनी, शिवशंकर सिंह, श्याम बाबू त्रिपाठी, वीरेंद्र साहू एडवोकेट आदि पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 500 एकड़ में मूंग उत्पादन का प्रस्ताव

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने रविवार को कैंप कार्यालय में कृषिगत विकास एवं दलहन उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि पर बैठक की। बैठक में ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन के लिए जिले में 500 एकड़ क्षेत्रफल आच्छादित करने की योजना पर बातें हुईं। डीएम ने बताया कि इसके तहत चयनित किसानों के खेतों का मृदा परीक्षण कराते हुए उन्हें उन्नत एवं प्रमाणित किस्म का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक राजस्व ग्राम स्तर पर कृषि ज्ञान दूत और पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। ये कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से शासन की योजनाओं एवं तकनीकों को ग्राम स्तर तक पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक में श्रीअन्न (मिलेट्स) क्षेत्र विस्तार को प्रोत्साहित करने के लिए श्रीअन्न प्रसंस्करण इकाई की स्थापना पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ मौजूद रहे।

# बल्हौरा में कहीं नल से टोटी गायब तो कहीं, नहीं मिल रहा पानी

हरीनारायण पांडेय/ अभिनव राज त्रिपाठी, चित्रकूट

अमृत विचार। दावे चाहे कितने किए जाएं पर नमामि गंगे के तहत हर घर जल पहुंचाने की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में कार्यदायी संस्थाओं और अफसरों ने अपना काम पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से नहीं किया।

आकांक्षी ब्लाक रामनगर क्षेत्र के ग्राम बल्हौरा में योजना की मंशा जमीन पर फेल नजर आ रही है। योजना के अंतर्गत गांव में बिछाई गई पाइपलाइन ग्रामीणों के लिए राहत बनने के बजाय परेशानी का सबब बन गई है। कहीं नल लगे हुए हैं तो टोंटियां गायब है तो कहीं पूरा का पूरा नल ही गायब है। जलापूर्ति भी रामभरोसे है। तमाम ग्रामीण योजना को लेकर तमाम सवाल उठाते हैं पर पता नहीं किस डर से कई तो नाम बताने से गुरेज करते हैं। गांव के अधिकांश लोग अब भी इस योजना से वंचित हैं। हालात यह हैं कि ग्राम पंचायत कार्यालय और प्राथमिक विद्यालय तक में ठूंठ खड़े नल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुके इस योजना की वास्तविकता को बयां कर रहे हैं। ग्रामीणों के घरों तक पानी न पहुंचने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पाइपलाइन लीकेज से सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नलों में पानी न आने पर विभाग गंभीर नहीं है। सिर्फ कागजी आंकड़ों में हर घर जल मिल रहा है। वहीं सड़कों पर पसरे कीचड़ की साफ सफाई के लिए भी कोई पहल नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि योजना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और गांव में जल्द ही सुचारु जलापूर्ति व जलनिकासी की व्यवस्था की जाए।


ऐसे रास्तों से जाना अब आम बात हो गई। अमृत विचार




बल्हौरा में ठूंठ बना नल। बिना टोटी के खड़ा नल। अमृत विचार

- वादों के उलट है हर घर जल की जमीनी हकीकत


नल भी गायब टोटी भी गायब। अमृत विचार

### स्कूल जाने वाले रास्ते पर कीचड़

- गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय जाने वाले मार्ग पर पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने से पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को कीचड़ भरे रास्तों से आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। लगभग पूरे गांव की सड़कें जलभराव से जूझ रही हैं। ग्रामीण खुलकर सामने आने से भले ही कतरा रहे हों, लेकिन नाराजगी साफ झलकती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह योजना नहीं आई होती तो शायद कम से कम सड़क तो बेहतर होती। न घर के अंदर पानी है और नल खराब पड़े हैं, जबकि बाहर सड़कें पानी से लबालब भरी हैं।

### ...तो कैसे जारी कर दिया गया प्रमाणपत्र

- जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत की पूर्व प्रधान एवं तत्कालीन सचिव ने जल जीवन मिशन के हर घर जल के प्रमाणपत्र को जारी करते हुए 23.08.2023 को यह घोषणा कर दी थी कि गांव के हर घर को नल कनेक्शन प्रदान कर दिया गया है। साथ ही हर नल से पर्याप्त मात्रा में और नियमित रूप से शुद्ध जल मिल रहा है। प्रधान प्रतिनिधि ने वीडियो जारी करते हुए भी यह घोषणा कर दी थी। हालांकि जल जीवन मिशन के अधिकृत पोर्टल पर अपलोड वीडियो पर ग्रामीण कहते हैं कि तब गांव में कहीं पाइप लाइन डाली जा रही थी तो कहीं टोटियां लग रही थीं उसी दौरान नमामि गंगे योजना से जुड़े जिम्मेदार इस भरोसे पर कि कार्य प्रगति पर है जल्द ही सबको पानी उपलब्ध कराया जाएगा, कहकर तमाम गांव के लोगों की मौजूदगी में वीडियो बनवाया गया। (हालांकि 'अमृत विचार' वीडियो की पुष्टि नहीं करता।) इस मामले पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बचते नजर आए।

### यह है जिम्मेदारों के कथन

एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव ने बताया कि बल्हौरा में पानी की सुचारू रूप से आपूर्ति हो रही है। जहां भी दिक्कतें होंगी, उन्हें ठीक करवाया जाएगा। जल जीवन मिशन के जूनियर इंजीनियर हरिकेश से जब जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया कि सिर्फ आठ दस नलों में प्रेशर की वजह से पानी नहीं आया। उन्होंने पिछले सप्ताह गांव का दौरा करने की भी बात कही। उन्होंने तो यहां तक कहा कि आप अपने रिपोर्टर को साथ में भेज दीजिए। हालांकि जब उनसे इसके लिए समय तय करने की बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

### कागजी आंकड़ों में मौसम गुलाबी है!

- जल जीवन मिशन के आधिकारिक आंकड़ों की बात करे तो बल्हौरा ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या 1347 हैं। जहां कुल 216 परिवार रहते हैं। बल्हौरा हरिजन बस्ती में 373 लोगों के बीच में 61 नल कनेक्शन हैं तो वहीं गांव के बल्हौरा में ही अकेले 974 लोगों के बीच 155 नल कनेक्शन दिए गए हैं। वहीं गांव के तीन प्राथमिक विद्यालयों एवं दो आंगनबाड़ी केंद्रों में भी नल के कनेक्शन का दावा किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के आधिकारिक दावों की बात करें तो गांव को हर घर जल के लिए सर्टिफाइड भी कर दिया गया है। दावा तो यह भी किया जा रहा है कि पानी की क्वालिटी चेक करने के लिए समय समय पर पानी का टेस्ट भी किया जाता है। अंतिम बार पानी की टेस्टिंग 16 नवम्बर 2025 को की गई थी। जल जीवन मिशन के दावों के अनुसार गांव में शत प्रतिशत नल के कनेक्शन कर दिए गए हैं। लेकिन ग्रामीण कहते हैं कि वास्तविक हकीकत ठीक इसके उलट है। बल्हौरा में ही मजरा पियरिया कला में जल जीवन मिशन की टंकी भी बन चुकी है।

### नल लगे भी हों पर पानी नहीं आता : अरुणेंद्र



बल्हौरा गांव के अरुणेंद्र पांडेय ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की बात को गलत ठहराया। बताया कि हर घर जल योजना से नल कई घरों में भले लगे हों लेकिन पानी नहीं आता है।

### शिकायत की पर लग गई झूठी रिपोर्ट : इंद्र प्रसाद



ग्रामीण इंद्र प्रसाद ने बताया कि उन्होंने तो परेशान होकर आईजीआरएस पर शिकायत तक की थी। आरोप लगाया कि झूठी रिपोर्ट लगा कर निस्तारण कर दिया गया लेकिन धरातल पर पानी नहीं पहुंच पाया।

### सिर्फ सड़कों पर बह रहा पानी : इंद्रनारायण



इंद्र नारायण का कहना है कि पानी केवल सड़कों पर बहाया जा रहा है, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। साफ सफाई के नाम पर पैसा निकाला जा रहा है। जबकि गांव में सफाई कर्मी महीनों से नहीं आया।

# मेडिकल कालेज के लिए कफन ओढ़कर बैठे युवा

## जिला अस्पताल की हालत बद से बदतर, बना रेफर सेंटर

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। जिले में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था चर्चा का विषय रही है। जिला अस्पताल को रेफर सेंटर होने से बचाने के लिए समय समय पर लोगों ने अपनी आवाज बुलंद की है। अब रविवार से शहीद स्मारक पर युवा मेडिकल कालेज की मांग को लेकर कफन ओढ़कर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए हैं।

इन युवाओं का कहना है कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि अब उनके पास कफन ओढ़कर शासन प्रशासन को जगाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। इनका कहना था कि जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं के नाम पर ढिंढोरा तो पीटा जाता है पर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी कैसे निभा रहे हैं, सबको मालूम है। ज्यादातर सरकारी चिकित्सक घरों में क्लीनिक खोले हैं और अस्पताल आने वाले मरीजों को घर बुलाते हैं। इनकी जांच कभी नहीं की जाती। चित्रकूट जैसे महत्वपूर्ण जिले में आज तक मेडिकल कालेज का न होना चिंता का विषय है। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों, दुर्घटना में घायलों और प्रसव पीड़ित महिलाओं को प्रयागराज, कानपुर और लखनऊ भेजा जाता है। युवाओं का आरोप है कि इलाज के अभाव में कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटती। कई बार पैसे के अभाव में भी लोगों की जान चली जाती है। युवाओं ने कहा कि यह हमारी मांग नहीं बल्कि जनता की जिंदगी का सवाल है। कफन किसी नाटक का हिस्सा नहीं, बल्कि उस सिस्टम का आईना है, जिसमें इलाज के बिना लोग मर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो आंदोलन पूरे जिले में आग की तरह फैल जाएगा। इस आंदोलन में शिव शंकर पटेल, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र राव, आलोक सिंह, वेद, अभिषेक, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



शहीद स्मारक पर कफन ओढ़कर अनशन करते युवा। अमृत विचार

### मुख्य मांगें

- चित्रकूट में तत्काल सरकारी मेडिकल कालेज की स्थापना।
- जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति।
- स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधन और सुविधाएं बढ़ाई जाएं।
- मरीजों को बाहर रेफर करने की मजबूरी खत्म हो।

### कई बार ज्ञापन दिए पर हुआ कुछ नहीं

- युवाओं का कहना था कि समाजसेवियों, संगठनों आदि ने कई बार अस्पताल की बदतर हालत सुधारने के लिए ज्ञापन दिए। जनप्रतिनिधियों के आने पर उनसे बात की पर कुछ नहीं हुआ। जिला अस्पताल की हालत सुधरने से रही, ऐसे में यहां मेडिकल कालेज खुलना चाहिए।

### खून से लिखा है पत्र : भूपेंद्र

- आमरण अनशन की अगुवाई कर रहे समाजसेवी भूपेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने ने मुख्यमंत्री के नाम खून से चार पेज का पत्र लिखा है। इसे वह जल्द ही सीएम को भेजेंगे। युवाओं का कहना था कि तमाम राजनीतिक मुद्दे उठाने वाले राजनीतिक दल भी इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाते अन्यथा स्वास्थ्य सुविधाएं कब की बढ़िया हो जातीं।

## होलिका दहन की जमीन पर पट्टे की कोशिश का आरोप

चित्रकूट। ग्राम पंचायत कर्वीमाफी के बाशिंदों ने एसडीएम को पत्र भेजकर होलिका दहन वाली जमीन का पट्टा किए जाने के प्रयास का आरोप लगाया है। गांव प्रधान आभा देवी, बद्रीप्रसाद, रामनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार, आदेश कुमार, अभिलाष राम, आयुष, मुन्ना, अरविंद आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत में तहसीलदार ने किसी के दबाव में आकर नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के नाम होलिका दहन किए जाने वाली जमीन पर बिना प्रधान और ग्रामीणों की स्वीकृति के पट्टा देने का प्रयास किया जा रहा है। यह जमीन मुख्य मार्ग पर है और गांव आने जाने का रास्ता है। पट्टा किए जाने पर आवागमन प्रभावित होगा और होलिका दहन की समस्या भी होगी। आरोप लगाया कि रविवार को ग्रामीणों ने उक्त जगह पर होलिका दहन का झंडा परंपरानुसार लगाया, जिसे नायब तहसीलदार ने उखाड़कर फिंकवा दिया। उधर, इस संबंध में जब नायब तहसीलदार मंगल यादव से बात की गई तो उन्होंने गांव जाने की बात से ही इंकार किया। तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी से बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।

# नाबालिग बेटी बोली पापा ने किया गंदा काम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। एक नाबालिग बेटी ने अपने पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी कुछ दिन पहले ही अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में दो साल जेल काटकर लौटा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

आम आदमी को सन्न करने वाली यह घटना कोतवाली अंतर्गत इलाके की है। यहां का निवासी एक युवक सरकारी कर्मचारी था। उस पर 2023 में पत्नी की हत्या करने का आरोप लगा था, जिसका मुकदमा चल रहा है। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। दो साल जेल काटने के बाद वह 21 जनवरी को जमानत पर बाहर आया था। पुलिस और अन्य स्रोतों से मिली जानकारी के मुताबिक, उसके बच्चे अपनी दादी के पास रहते थे। इसने वहां से बच्चों को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद इसने अपनी 13 वर्षीया बेटी के साथ गलत काम किया। जब बेटी ने रोते हुए अपनी दादी से यह बात बताई तो वह सन्न रह गईं। उन्होंने अपने कपूत की हरकत को पुलिस से बताना सही समझा। इसके बाद बेटी ने तहरीर दी। आरोप है कि आरोपी पिता ने बेटी को यह बात किसी से बताने पर गोली मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आननफानन में पाक्सो और अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। अपराध निरीक्षक सविता श्रीवास्तव और उनकी टीम में शामिल आरक्षी राहुल पांडेय और मोहित कुमार ने मुखबिर की सूचना पर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि जांच की जा रही है।

### पहले भी इसने की थी हरकत : एसपी

- एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि यह बहुत ही शर्मनाक घटना है। एक नाबालिग बच्ची ने अपने ही पिता पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बच्ची ने अपने बयान में बताया कि लगभग ढाई साल पहले भी इसने उसके साथ यह हरकत की थी। तब उसने अपनी मां से बताया था। मां ने जब इस संबंध में पति से बात की और विरोध जताया था तो उसने लाइसेंसी बंदूक से उसकी हत्या कर दी थी।


पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती शुरू कराते अतिथि। अमृत विचार

# अशोक बने नामदेव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

संवाददाता सीतापुर चित्रकूट

अमृत विचार। अखिल भारतीय नामदेव समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष केके नामदेव ने नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला परिक्रमा मार्ग पर बैठक की। इस दौरान सर्वसम्मति से नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला के अध्यक्ष अशोक नामदेव निवासी पहाड़ी बुजुर्ग को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अशोक ने कहा कि वह संगठन के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे। जिम्मेदारी और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। धर्मशाला के प्रबंधक राकेश नामदेव निवासी राजापुर को जिला प्रभारी तथा डॉ. हरीशंकर नामदेव को जिलाध्यक्ष चुना गया। इन नियुक्तियों पर मोहन नामदेव, सोहन नामदेव, मनोज, राजा, विनोद, राजेश्वर नामदेव, राकेश, कीरत नामदेव सर्वेशानंद, कुलदीप नामदेव खंगार समाज धर्मशाला चित्रकूट के अध्यक्ष भोला नाथ खंगार, शैलेंद्र सिंह, रामनारायण साहू, गोपीचंद पांडेय, संजय मिश्रा, दिनेश कुशवाहा, अनिल कुमार अर्जुन कश्यप ने खुशी जताई।


अशोक नामदेव को बधाई देते संगठन के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# पहलवानों ने दंगल में दिखाये दांवपेच

संवाददाता,पहाड़ी चित्रकूट

अमृत विचार। माघ मास की पूर्णिमा से दो दिवसीय दंगल व पंद्रह दिवसीय मेले की शुरुआत ब्लाक मुख्यालय में हुई। दूर-दूर से आए पहलवानों ने दांवपेच दिखाकर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

दंगल की शुरुआत रविवार को समाजसेवी हरिवल्लभ पांडेय उर्फ छोटू पांडेय ने सफीक करारी व मनोज प्रयागराज का हाथ मिलवाकर किया। इसमे सफीक करारी विजयी हुए। दंगल के पहले दिन दो दर्जन कुश्तियां हुई। राजेश दरसेड़ा ने अजय फतेहगढ़ को, अनूप महुआगांव ने हरबंस मलवारा को, अनिल महुवागांव ने अंकित कौशांबी को, बल्लू बांदा ने भूपेंद्र बाराबंकी को, राजेश अगरहुंडा ने तोताराम प्रतापगढ़ को, लवकुश सरधुआ ने सुनील प्रयागराज को पराजित किया। सबसे रोमांचकारी कुश्ती महिला और पुरुष पहलवान के बीच हुई। शासकीय अधिवक्ता सुशील सिंह व केंद्रीय विद्यालय के प्रोफेसर डा. जयराम त्रिपाठी एवं मनोज कुमार द्विवेदी ने वैशाली दिल्ली व राजबहादुर बिहारी के बीच हाथ मिलवाकर की। इसमें वैशाली विजयी रहीं। दंगल में लेखापटल का कार्य राजेश सिंह, उद्घोष का कार्य चंद्रदत्त त्रिपाठी, निर्णायक की भूमिका रामकिशोर त्रिपाठी एवं हरिशंकर गर्ग और छेदी पहलवान ओबरी रहे।

अनदेखी

आकांक्षी ब्लाक रामनगर के खजुरिहा खुर्द इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय का हाल

# टूटे पोल व बिजली के तारों के नीचे भविष्य संवार रहे नौनिहाल

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

अमृत विचार। आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत खजुरिहा खुर्द प्राइमरी विद्याल के बच्चे और शिक्षक स्कूल परिसर के ऊपर से निकली बिजली की तारों और परिसर में लगे लगभग टूट चुके खंभे के नीचे पठनपाठन को मजबूर हैं।

जिलाधिकारी ने बीते दिनों हुई बैठक में परिषदीय स्कूलों से बिजली के पोल एवं तार हटाए जाने के सख्त निर्देश बिजली विभाग को दिए थे पर इसका कितना असर हुआ यह इस स्कूल की हालत से पता चल जाता है। बताया जाता है कि शिक्षा विभाग ने बिजली के पोलों की समस्या वाले स्कूलों की लिस्ट एवं धनराशि तक जमा करा दी लेकिन निस्तारण अब तक नहीं किया गया। रामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिहा खुर्द के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय के विद्यालय परिसर से लगे पोल से गांव के अंदर बिजली की आपूर्ति की गई है लेकिन विद्यालय में जो पोल लगा है उसका सबसे ऊपरी भाग टूट कर तार के सहारे झूल रहा है। इसी टूटे पोल से बिजली की लाइन गई है। तार लगे पोल के नीचे ही विद्यालय का मुख्य द्वार है, जहां से बच्चे और शिक्षक आतेजाते हैं। परिसर में इसी जगह प्रार्थना करते हैं। ऐसे में यह टूटा पोल नौनिहाल बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है।




विद्यालय परिसर के ऊपर से निकले तार और अंदर लगा बिजली का पोल। बाहर एक साथ पढ़ते बच्चे। अमृत विचार

### क्या कहते हैं अधिकारी

- खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि इस संबंध में बिजली विभाग को अवगत करा दिया गया है। पोल को हटाने की भी प्रकिया विभाग में विचाराधीन है। कई विद्यालयों में हटाए जा चुके हैं। विद्यालय के अंदर पोल एवं तार के मामले में जिलाधिकारी द्वारा भी संज्ञान लिया गया है।

### लगातार बताया गया पर कार्रवाई नहीं हुई

- विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश ने बताया कि विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 96 है। उनके इस विद्यालय में आने के पूर्व से विद्यालय के अंदर से हाईटेंशन लाइन दौड़ रही है। इसकी विद्यालय द्वारा विभागीय स्तर पर मासिक डाक के माध्यम से लगातार सूचना भेजी जा रही है। अब इस पोल का ऊपरी भाग टूट कर तार के सहारे हवा में झूल रहा है। कोशिश रहती है कि कोई बच्चा इसके नीचे न रहे।


प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश।

### एक साथ बैठकर पढ़ाई करते हैं बच्चे

- बच्चों के सामूहिक बाहर बैठने के सवाल पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि एक तो विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर नहीं है दूसरा विद्यालय के शिक्षकों की एसआईआर एवं बीएलओ के कार्य में सलग्न होने की वजह से एक शिक्षक द्वारा सभी पांचों कक्षाओं के छात्रों की देखरेख करना पड़ता है कि अकेले झगड़ा न करें और उनकी नजर के सामने रहें।

